राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 114, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 09 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत करने के लिए
.... पेज 03

मुख्तार के छोटे पुत्र उमर अंसारी ने किया आत्मसमर्पण, कोर्ट ने दी जमानत
.... पेज 05

कर्नाटक हाईकोर्ट ने ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग प्रमोटरों के पक्ष में सुनाया फैसला
.... पेज 07

## मणिपुर में भीड़ ने 4 लोगों को अगवा किया

### कांग्चुप में फायरिंग, 2 पुलिसकर्मी समेत 9 घायल

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में कांग्चुप चिंगखोंग गांव के पास मंगलवार को एक चेकपॉइंट पर मैतेई लोगों की भीड़ ने एक वाहन रोककर उसमें सवार चार कुकी लोगों को अगवा कर लिया। इनमें से तीन लोग एक सैनिक के परिवार के हैं। इनमें सैनिक की मां भी शामिल है।

जैसे ही लोगों के अगवा होने की खबर फैली, कुछ कुकी लोग हाथों में हथियार लिए घटनास्थल पर पहुंचे और कांग्चुप की तरफ फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो पुलिसकर्मियों और एक महिला समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, वाहन में एक 65 साल के बुजुर्ग भी सवार थे, जिन्हें मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने अगवा होने से बचा लिया। उनकी पहचान मंगलून हाओकिप के नाम से हुई है।

## एथिक्स पैनल ने की महुआ मोइत्रा की सांसदी खत्म करने की सिफारिश

### मोइत्रा ने रविवार को लोकसभा एथिक्स पैनल के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर पर निशाना साधा था

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच कर रहे एथिक्स पैनल ने 500 पन्नों की अपनी रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में पैनल ने सिफारिश की है कि टीएमसी सांसद को तुरंत बरखास्त कर देना चाहिए। एथिक्स पैनल की बैठक से पहले ऐसे संकेत थे कि पैनल महुआ मोइत्रा के खिलाफ आरोपों पर गंभीर रुख अपना सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संपर्क किया था और उन पर उपहार के बदले व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडानी समूह को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

#### महुआ मोइत्रा ने साधा था लोकसभा एथिक्स पैनल पर निशाना

मोइत्रा ने रविवार को लोकसभा एथिक्स पैनल के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर पर निशाना साधा था। पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में महुआ ने दावा किया कि जब वह दो नवंबर को समिति के सामने



पेश हुईं तो भाजपा सांसद ने उनसे अनैतिक, अप्रासंगिक और बेहूदे सवाल पूछे थे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में तृणमूल सांसद ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके पास एथिक्स पैनल में रिकॉर्ड तथ्यों की हूबहू कॉपी मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मेरे खिलाफ आपराधिक मामलों की योजना बना रही है, यह जानकर मैं कांप रही हूं।

पोस्ट में महुआ ने कहा कि उनका स्वागत है। मैं सिर्फ यह जानती हूं कि मेरे पास मौजूद जूतों की संख्या पर सवाल करने से पहले एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में सीबीआई और ईडी को अडानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की जरूरत है।

#### सब कुछ लिखित रूप में मौजूद

तृणमूल सांसद ने भाजपा का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पहले कि आप झूठी कहानी के साथ महिला सांसदों को बाहर निकालें, याद रखें कि मेरे पास एथिक्स पैनल में रिकॉर्ड की कॉपी मौजूद है।

जिसमें अध्यक्ष के अनैतिक, अप्रासंगिक व बेहूदे सवाल, विपक्ष का विरोध, मेरा विरोध सब कुछ आधिकारिक लिखित रूप से मौजूद है।

## महिलाओं पर विवादित बयान

### नीतीश ने हाथ जोड़कर माफी मांगी : बोले-शर्म महसूस कर रहा हूं

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर बुधवार सुबह माफी मांग ली। बयान देने के दूसरे दिन उन्होंने विधानसभा के बाहर और सदन में कई बार हाथ जोड़कर खेद प्रकट किया।

नीतीश ने कहा, मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं। मैं अपनी खुद निंदा करता हूं. मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं। जनसंख्या नियंत्रण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। मेरा मकसद सिर्फ शिक्षा के बाद जनसंख्या वृद्धि में आ रहे परिवर्तन को बताना था।

मैं माफी मांगता हूं। मैं अपने शब्दों को वापस लेता हूं, अगर मेरी कोई बात कहना गलत था, मेरी किसी बात से दुख पहुंचा है तो माफी मांगता हूं। अगर मेरे बयान की कोई निंदा कर रहा है, तो हम माफी मांगते हैं। अगर इसके बाद भी कोई मेरी निंदा करता है तो मैं उसका अभिनंदन करता हूं।



#### प्रधानमंत्री ने नीतीश के बयान को बताया भद्दा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिलाओं पर दिए बयान को भद्दा बताया। पीएम ने कहा, घमंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, उन्होंने विधानसभा में माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें कीं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।उन्हें कोई शर्म नहीं। कितना नीचे गिरेंगे। दुनिया में देश का अपमान करा रहे हैं।

मोदी ने कहा, इंडी अलायंस का एक भी नेता माताओं-बहनों के भयंकर अपमान के खिलाफ एक शब्द बोलने के लिए तैयार नहीं हुआ। ऐसा दृष्टिकोण रखने वाले आपका भला कर सकते हैं क्या? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। वे दमोह के बाद गुना पहुंचे। यहां चुनावी सभा में उन्होंने ये बयान दिया। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा, ऐसी बात उनके (नीतीश कुमार) मुंह से गलती से निकल गई। उन्होंने माफी भी मांगी है। सदन चलते रहने देना चाहिए। मुख्यमंत्री को अपनी बात का पछतावा है।

#### विधानसभा में बीजेपी विधायकों ने उठाई कुर्सियां

बिहार में विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। नीतीश विधानसभा पहुंचे तो बाहर बीजेपी विधायक नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने मीडिया के सामने अपने जनसंख्या नियंत्रण वाले बयान पर माफी मांग ली। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। अंदर भी बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। वो उनके इस्तीफे की मांग पर अड़े थे।

नीतीश कुमार ने सदन के अंदर अपनी बात रखी फिर माफी मांगी। इस दौरान बीजेपी विधायकों ने सदन में कुर्सियां उठा लीं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इनके नाम नोट करो। कार्रवाई होगी।

#### सीएम ने अपने बयान के तर्क में यह बात कही थी

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपने तर्क देते हुए कई आंकड़े बताए। उन्होंने कहा कि राज्य में 6 वर्ष से छोटे बच्चों की संख्या 2011 में 18.46 प्रतिशत थी, जो घटकर 13. 6 प्रतिशत रह गई है। बिहार में पिछले साल प्रजनन दर 2.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो पहले 4.3 प्रतिशत हुआ करती थी। जनसंख्या नियंत्रण में बड़ी भूमिका बालिका शिक्षा की है। यही कारण है कि राज्य में बालिकाओं की शिक्षा पर हमने जोर दिया।

## मुठभेड़ के बाद दो माओवादी गिरफ्तार

वायनाड। केरल में माओवादियों के विशेष अभियान समूह और केरल पुलिस के थंडरबोल्ट दस्ते ने मंगलवार रात थलापुझा के पास पेरिया में मुठभेड़ के बाद एक महिला सहित दो माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इनके कब्जे से दो एके 47 राइफल और एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) सहित तीन बंदूकें भी जब्त कीं। पुलिस सूत्रों ने कहा, लुकआउट नोटिस में सूचीबद्ध दो माओवादी कार्यकर्ता चंद्रू और उन्नीमाया को 2200 से 2230 बजे तक लगभग आधे घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। सूत्रों ने कहा कि दो अन्य महिला कैडर जिनके बारे में संदेह है कि सुंदरी और लता 'कबनीधालम समूह' से संबंधित हैं, वन क्षेत्र में भागने में सफल रहीं। रिपोर्टों में हालाँकि, कहा गया है कि उनमें से एक को मुठभेड़ में चोटें आई थीं। एसओजी और पुलिस कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों की सीमा से लगे उत्तरी केरल के पेरिया, कुराचुंडु, थमारसेरी और कोट्टामाला वन क्षेत्रों में दो माओवादी महिला कैडरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चल रहा था।

विरोध प्रदर्शन




पटना में विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करतीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

## मोदी की जनता से दिवाली पर 'वोकल फॉर लोकल' होने की अपील

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से डिजिटल मीडिया का इस्तेमाल कर स्थानीय प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाने तथा भारत की उद्यमशीलता और रचनात्मक शक्ति का उल्लास मनाने का अनुरोध किया है।

मोदी ने बुधवार को सोसल मीडिया नेवर्क 'एक्स' पर एक लिंक भी साझा किया। उन्होंने कहा है कि जिसके जरिये लोग 'नमो' ऐप पर स्थानीय उत्पाद या उसके निर्माता के साथ सेल्फी पोस्ट कर सकते हैं।

मोदी ने एक्स पर लिखा, आइये इस दिवाली पर हम नमो ऐप पर 'वोकल फॉर लोकल' थ्रेड के साथ भारत की उद्यमशीलता और रचनात्मक भावना का समारोह मनायें।

प्रधानमंत्री ने इसी पोस्ट में लिखा, आइये हम ऐसे उत्पाद खरीदें जिन्हें स्थानीय स्तर पर बनाये गये हों और उसके बाद उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ नमो ऐप पर एक सेल्फी पोस्ट करें। अपने मित्रों और परिवार को अपने थ्रेड में शामिल होने तथा सकारात्मकता की भावना का प्रसार करने के लिए आमंत्रित करें।

आइये हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथी भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाये रखने के लिये डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें।

## पंजाब के तरनतारन में ट्रिपल मर्डर, पति-पत्नी और भाभी को तेजधार हथियारों से काटा


### हाथ-पैर बंधे; मुंह पर टेप चिपकाई, घर का नौकर गायब

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई। तरनतारन के पट्टी के गांव तुंग में यह वारदात मंगलवार देर रात की है। मरने वालों में इकबाल सिंह (70), उसकी पत्नी लखविंदर कौर और भाभी सीता कौर शामिल है।

कत्ल के कारणों का पता नहीं चल पाया। हालांकि घर के हालात देखकर इसे लूट से जोड़कर देखा जा रहा है। इस परिवार के पास छत्तीसगढ़ का अशोक नौकरी करता था। कत्ल की वारदात के बाद अशोक गायब है।

#### अलग-अलग कमरे में मिली लाशें

पुलिस के मुताबिक एक ही परिवार के तीनों सदस्यों को तेजधार हथियारों से काटा गया। दोनों औरतें लखविंदर कौर और सीता कौर एक कमरे में जबकि




इकबाल सिंह की बॉडी अलग कमरे में मिली। तीनों के हाथ-पैर बंधे हुए थे और मुंह समेत पूरे चेहरे पर टेप चिपकाई गई थी। वारदात का पता तब चला, जब बुधवार सुबह घर से कोई बाहर नहीं निकला।

#### पड़ोसी अंदर गए तो मिली लाशें

पड़ोसियों ने इकबाल सिंह, उनकी पत्नी लखविंदर कौर और भाभी सीता कौर को कई आवाजें लगाईं मगर कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद लोगों को शक हुआ। उन्होंने घर में जाकर देखा तो खून से लथपथ लाशें पड़ी थी जिनके हाथ-पैर बंधे हुए थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक लूट समेत हर एंगल से हत्या की जांच की जा रही है।

#### मकान में बिखरा मिला सामान

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान मकान के अंदर सामान बिखरा मिला है। कमरे की आलमारियां खुली पड़ी थी। ऐसे में लग रहा है कि तीनों के कत्ल लूटपाट के इरादे से किए गए हैं। हालांकि घर से क्या-क्या गायब सामान है? इसके बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाया।

पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद घर का नौकर अशोक गायब है। अशोक इस घर में करीब 20 साल से काम कर रहा था। परिवार उस पर पूरा भरोसा करता था।

## बोलेरो में मिले 10 करोड़ के सोने-चांदी के जेवर

निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)। चित्तौड़गढ़के निम्बाहेड़ा में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने नाकाबंदी के दौरान बुधवार दोपहर 2 बजे एक बोलेरो से 10 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। ये आभूषण उदयपुर की एक ज्वेलरी फर्म के बताए जा रहे हैं। इन्हें रतलाम से उदयपुर ले जा रहे थे। अब टीम आभूषण से संबंधित डॉक्युमेंट्स की जांच कर रही है। गाड़ी के ड्राइवर ने बताया कि ये ज्वेलरी मध्यप्रदेश के रतलाम की फर्म डीपी ज्वेलर्स की है। इसे उदयपुर ले जा रहे थे। वहां से ज्वेलरी को भीलवाड़ा, बांसवाड़ा और कोटा में सप्लाई किया जाना था। निम्बाहेड़ा एसडीएम रमेश सीरवी ने बताया-मामला सामने आने के बाद जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल भी निम्बाहेड़ा पहुंचे। हालांकि फर्म से जुड़े लोगों की ओर से दावा किया जा रहा है कि उनके पास जेवरात से जुड़े सभी दस्तावेज हैं।

## एनआईए ने देशभर में 55 जगहों पर छापेमारी की

### मानव तस्करी से जुड़ी 5 मॉड्यूल का भंडाफोड़; 44 गिरफ्तार

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मानव तस्करी में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बुधवार को देशव्यापी छापेमारी की। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि 8 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में रेड पड़ी। इस दौरान मानव तस्करी के चार मामलों में शामिल कुल 44 गुर्गों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 21 त्रिपुरा से, 10 कर्नाटक से, 5 असम से, 3 पश्चिम बंगाल से, 2 तमिलनाडु से और 1-1 पुडुचेरी-तेलंगाना व हरियाणा से हैं। अधिकारी ने कहा कि त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में छापेमारी की गई।

जम्मू में एक अधिकारी ने बताया कि म्यांमार से आए एक रोहिंग्या मुस्लिम को जम्मू-कश्मीर में छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने बताया कि जफर आलम




को देर रात करीब 2 बजे जम्मू के बठिंडी इलाके में उसके अस्थायी आवास से हिरासत में लिया गया। जम्मू में अधिकारी ने कहा कि छापेमारी म्यांमार के प्रवासियों की झुग्गियों तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट अधिनियम के उल्लंघन और मानव तस्करी से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में यह ऐक्शन लिया गया।

#### त्रिपुरा से 20 लोग किए गए गिरफ्तार

एनआईए के ऑपरेशन के दौरान बुधवार को त्रिपुरा के उनाकोटी, पश्चिम त्रिपुरा, खोवाई, सिपाहीजला और दक्षिण त्रिपुरा जिलों के सीमावर्ती स्थानों से 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने कहा कि एनआईए ने सीमा सुरक्षा बल के सुरक्षा घेरे में मानव तस्करों, दलालों और सीमा पार अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की। बीएसएफ अधिकारियों ने एनआईए के ऑपरेशन को स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने घटनाओं और सूचनाओं का विवरण देने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, बड़ी संख्या में त्रिपुरा के निवासियों के खिलाफ इनपुट के साथ एनआईए की एक जंबो टीम मंगलवार को यहां पहुंची। इन पर मानव तस्करी में शामिल होने और बंगलादेश से अवैध प्रवासियों, खासकर रोहिंग्या के सीमा पार आंदोलन को सुविधाजनक बनाने का आरोप लगाया गया है। एनआईए टीम ने त्रिपुरा पुलिस को अपने ऑपरेशन के बारे में सूचित नहीं किया और उनके लिए कोई सुरक्षा नहीं मांगी। हालांकि, राज्य के गृह विभाग के सूत्रों ने संकेत दिया कि जांच दल ने सुबह-सुबह एक समय में कई स्थानों पर धावा बोला और लगभग 50 लोगों में से 20 लोगों को हिरासत में लिया।

#### जल्द ही एनआईए की कोर्ट में किए जाएंगे पेश

सूत्रों ने कहा कि सभी आरोपी व्यक्ति त्रिपुरा-बंगलादेश सीमा पर अवैध घुसपैठ और सीमा पार आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में शामिल थे। त्रिपुरा को पहले से ही बंगलादेश से मानव तस्करी और ड्रग्स के गलियारे के रूप में चिन्हित किया गया है। पिछले 3 वर्षों में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के अलावा अफ्रीकी देशों के कई प्रवासी बंगलादेश के रास्ते त्रिपुरा से भारत आए। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को जल्द ही विशेष एनआईए अदालत में पेश किया जाएगा।

धरना

### डायरेक्टर ऑफिस के बाहर बैठे; बोले-जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, धरना जारी रहेगा

## आईआईटी-बीएचयू के 6 हजार स्टूडेंट्स सड़क पर उतरे

एजेंसी

वाराणसी। आईआईटी-बीएचयू में गन पॉइंट पर छात्रा के कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने वालों को पुलिस 7वें दिन तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसके विरोध में बुधवार शाम 6 हजार स्टूडेंट्स सड़क पर उतर गए। छात्रों ने आईआईटी डायरेक्टर ऑफिस से 3 किलोमीटर तक जस्टिस रैली निकाली।

छात्र हैदराबाद गेट और विश्वेश्वरैया चौराहे से होते हुए वापस आईआईटी डायरेक्टर ऑफिस पहुंचे। इसके बाद डायरेक्टर ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान



छात्रों ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक धरना जारी रहेगा।

दरअसल, बुधवार दोपहर 1 बजे तक 500 छात्र ही डायरेक्टर ऑफिस बैठे थे। इसमें से कई छात्राएं मदन मोहन मालवीय की तस्वीर लेकर नजर आईं। कई छात्राओं के हाथ में पोस्टर हैं। इन पर लिखा है- बिटिया से पीड़िता कब तक। इस दौरान छात्राओं ने कहा- पुलिस ने घटना के बाद दिलासा दी थी कि यहीं सड़क पर सबके सामने दरिंदों को मारेंगे। लेकिन, घटना को 7 दिन हो गए। आखिर आरोपी कहां हैं? क्यों पुलिस पकड़ नहीं पा रही है?

दोपहर 2 बजे से छात्रों की संख्या बढ़ने लगी। शाम 4 बजे तक करीब 6 हजार छात्र जुट गए। इसके बाद 4 बजकर 15 मिनट पर सभी छात्रों ने रैली निकाली। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी भी की।

#### जांच एसआईटी या सीबीआई को सौंपने की मांग

स्टूडेंट पार्लियामेंट के मेंबर प्रणव ने धरनास्थल पर एकजुट छात्रों से काफी एग्रेसिव अंदाज में अपनी मांगें स्पष्ट कीं। कहा कि पुलिस केवल लापरवाही बरत रही है। अब स्ढ्ढञ्ज या ष्टक्चढ्ढ को यह केस दे देना चाहिए। वे जांच दल हमें एग्जैक्ट टाइम बताएं कि कब तक आरोपियों को पकड़ पाएंगे। यह भी बताएं कि क्या वे आरोपियों को पकड़ने के लायक हैं भी या नहीं। हम तब तक सड़क पर पढ़ाई जारी रखेंगे।

## हरियाणा में जहरीली शराब से 6 की मौत

### मरने वाले यमुनानगर के 2 गांवों के, गांव में बिकने वाली शराब पी थी

यमुनानगर। हरियाणा के यमुनानगर में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। इनके दो साथी अस्पताल में भर्ती है। घटना यमुनानगर के फर्कपुर थाना क्षेत्र के दो गांवों मंडेबरी और पंजेटा का माजरा में हुई। मरने वालों में से 4 मंडेबरी और 2 पंजेटा का माजरा गांव के रहने वाले थे।

इन सभी लोगों ने मंगलवार रात को गांव में ही अवैध रूप से बिक रही शराब खरीदकर पी थी। जो शख्स शराब बेच रहा था, उसने भी इन लोगों के साथ बैठकर ड्रिंक की। उसकी भी मौत हो गई। मरने वालों में मंडेबरी गांव का सुरेश कुमार (45), विशाल (27), सोनू (27) व सुरेन्द्र और पंजेटा का माजरा गांव के स्वर्ण सिंह व



मेहरचंद (70) शामिल हैं।

#### सभी को लगी थी उल्टियां

बताया जा रहा है कि शराब पीने के बाद इन सभी को उल्टियां शुरू हो गई और कुछ ही देर में एक के बाद एक, छह लोगों ने दम तोड़ दिया। दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।

उधर, बुधवार सुबह पुलिस को घटना की सूचना दिए बगैर ही सुरेश, सोनू, सुरेंद्र, स्वर्ण सिंह और मेहरचंद का का संस्कार कर दिया गया। इन पांचों का पोस्टमार्टम भी नहीं करवाया गया इसलिए मौत की वजह जहरीली शराब ही थी, इसकी पुष्टि भी नहीं हो पाई है। जान गंवाने वाले छठे शख्स, विशाल का संस्कार नहीं किया गया।

## शार्ट न्यूज

### जय इंदर कौर ने अपमानजनक टिप्पणी के लिये नीतीश कुमार की आलोचना की

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष जय इंदर कौर ने बिहार विधानसभा में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने के लिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की निंदा की है। पंजाब महिला मोर्चा अध्यक्ष ने पटियाला जिला महिला मोर्चा टीम के साथ नीतीश कुमार के खिलाफ पटियाला के शेरान वाला गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध स्थल पर मीडिया को संबोधित करते हुए जय इंदर कौर ने कहा, कल बिहार विधानसभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा की गयी विचित्र और अपमानजनक टिप्पणी से मैं बिल्कुल भयभीत और स्तब्ध हूं। मुख्यमंत्री का पद एक बहुत ही महत्वपूर्ण और समझदारी का पद है और इसे धारण करने वाले व्यक्ति को सर्वोच्च सम्मान के साथ आचरण करने की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री का काम समावेशी होना और समाज के हर समूह को अपने साथ आगे ले जाना है। ऐसा करने के बजाय यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री स्वयं विधानसभा में प्रतिगामी और महिला द्वेषपूर्ण बयान दे रहे हैं । कौर ने कहा, उनके द्वारा दिया गया बयान न केवल महिलाओं के लिए भद्दा और अपमानजनक है, बल्कि यह उनकी लैंगिक मानसिकता को भी दर्शाता है। ऐसा लगता है कि सत्ता के नशे में चूर नीतीश कुमार पूरी तरह से भूल गये हैं कि उनके घर में बहनें और बेटियाँ भी होंगी, क्या वह इस तरह के बयान के बाद गंभीरता से उनका सामना कर सकेंगे।

### संगठित अपराध, तस्करी, पराली जलाने के खिलाफ रणनीति बनाने के आदेश

चंडीगढ़। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने त्योहारी सीजन के बीच शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने और राज्य में पराली जलाने से रोकने के लिए, ने बुधवार को सभी सीपी/एसएसपी को राज्य में संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और पराली जलाने के खिलाफ एक अचूक कार्य योजना तैयार करने का आदेश दिया। डीजीपी राज्य में संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और पराली जलाने के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय कानून और व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में पंजाब के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, रेंज एडीजीपी/आईजी/डीआईजी, सीपी/एसएसपी, डीएसपी और सभी एसएचओ ने भाग लिया। राज्य में पराली जलाने को रोकने के लिए नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने सभी सीपी/एसएसपी को जिला मजिस्ट्रेटों के साथ दैनिक बैठकें करने का आदेश दिया, इसके अलावा यह सुनिश्चित करने के अलावा कि एस.एच.ओ. अपने अधिकार क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से गश्त करें और पराली को जलाने से रोकने के लिए कदम उठाएं। उन्होंने सभी सीपी/एसएसपी को जिलों को सेक्टरों में विभाजित करने और सेक्टर के प्रभारी के रूप में एक राजपत्रित अधिकारी को तैनात करने का भी निर्देश दिया।

### बिजली कर्मी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) पटियाला में तैनात कम्पलेंट हैंडलिंग ब्वॉय ( सीएचबी) कुलवंत सिंह को आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते हुये बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त बिजली मुलाज़िम को पटियाला जिले के गाँव सूलर के निवासी जसवीर सिंह की तरफ से दर्ज करवाई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो पटियाला रेंज के पास पहुँच करके आारोप लगाया कि जूनियर इंजीनियर दविन्दर सिंह और उक्त सी. एच. बी. कुलवंत सिंह उसको घरेलू बिजली का स्वीकृत सीमा से अधिक होने को लेकर धमका रहे हैं और इस सम्बन्ध में जुर्माने से बचने के लिए आठ हजार रुपये रिश्वत माँग रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक पड़ताल के उपरांत पटियाला रेंज की विजीलेंस टीम ने जाल बिछाकर उक्त मुलजिम कुलवंत सिंह को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। इस सम्बन्ध में दविन्दर सिंह जूनियर इंजीनियर और कुलवंत सिंह सी. एच. बी. के ख़िलाफ़ विजीलेंस ब्यूरो थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### धामी बने तीसरी बार एसजीपीसी अध्यक्ष

**अमृतसर ।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की बुधवार को तेजा सिंह समुद्री हाल में आम बैठक के दौरान हुये चुनाव में एसजीपीसी के निवर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुन लिया गया। इस दौरान शीर्ष पद के अलावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष और महासचिव के साथ ही एसजीपीसी की 11 सदस्यीय कार्यकारी समिति का चुनाव भी किया गया। शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार निवर्तमान अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी को इस बार भी गुरुद्वारा निकाय के शीर्ष पद के लिये उम्मीदवार घोषित किया था। चुनाव के दौरान कुल 137 वोट पड़े, जिनमें से दो मत रद्द हो गए। एडवोकेट धामी को कुल 118 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी बलबीर सिंह घुनस को केवल 17 मत प्राप्त हुये। सर्वश्री हरभजन सिंह मसाना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गुरबख्श सिंह खालसा को कनिष्ठ उपाध्यक्ष और भाई राजिंदर सिंह मेहता को महासचिव के पद के लिये चुना गया। इसके अलावा अंतरिम समिति के सदस्य के तौर पर चुने गये सदस्यों में मोहन सिंह बांगी, रघबीर सिंह सहर्रामाजरा, जसमेर सिंह लाछरू, खुशविंदर सिंह भाटिया, अमरजीत सिंह बलियापुर, श्रीमती जसपाल कौर और जसवंत सिंह पुडैन शामिल हैं।

### इंजीनियर के कब्जे से करोड़ों की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा

भुवनेश्वर। ओडिशा में सतर्कता अधिकारियों ने बुधवार को भुवनेश्वर पीएच डिवीजन के इंजीनियर-इन-चीफ के कार्यालय में एक अधीक्षण अभियंता के कब्जे से करोड़ों रुपये की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया। विजिलेंस सूत्रों ने यहां बताया कि अधीक्षण अभियंता विश्वबंधु पाणिग्रही पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप पर सात डीएसपी, पांच इंस्पेक्टर, आठ एएसआई और अन्य कर्मचारियों की ओर से भुवनेश्वर तथा भद्रक में छह स्थानों पर एक साथ घर की तलाशी ली गई। अब तक की तलाशी के दौरान, भुवनेश्वर में एक दो मंजिला इमारत के लिए पाणिग्रही द्वारा रुद्रपुर, भुवनेश्वर में अपनी पत्नी के नाम पर एक तीन बीएचके फ्लैट खरीदने के लिए एक रियल एस्टेट कंपनी को 39 लाख का भुगतान, भद्रक में एक एकल मंजिला इमारत, भुवनेश्वर और भद्रक के प्रमुख क्षेत्र में चार भूखंडों का पता चला ।उपरोक्त भवनों/भूखंडों की माप एवं मूल्यांकन सतर्कता तकनीकी विंग द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा दो लाख रुपये नकद, लगभग 250 ग्राम सोना, 51 लाख रुपये से अधिक मूल्य की बीमा जमा राशि, बैंक, डाक और अन्य जमाओं का सत्यापन किया जा रहा है।

### जनता को हनुमान बनकर कांग्रेस की सरकार को वापस लाना है: प्रियंका

इंदौर/देवास। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश की जनता द्वारा चुनी गयी कांग्रेस सरकार को गिराने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि जनता को अब हनुमान बनकर कांग्रेस की सरकार को वापस लाना है। वाड्रा ने विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार-अभियान के तहत इंदौर जिले के सांवेर और देवास जिले के खातेगांव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित किया। श्रीमती वाड्रा ने रामायण के संस्मरण को याद करते हुए कहा कि जब अत्याचार होता है और कुनीति का राज होता है तो हमें उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अहिरावण ने भगवान राम और लक्ष्मण के साथ छल करने का काम किया था, उसी तरह जनता द्वारा बनाई गई 2018 में पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार को भाजपा ने गिराने का काम किया और जनता से छल किया। कुछ बहुरूपियों ने छल कपट करके 2018 की आपकी कांग्रेस सरकार का अपहरण किया।

# डाटा सेंटर का हब बनेगा ग्रेनो

## यीडा ने दो कंपनियों को आवंटित किए प्लॉट

नोएडा। ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जेवर क्षेत्र भी उड़ान भर रहा है। यमुना प्राधिकरण ने दो बड़ी कंपनियों को डाटा सेंटर के लिए प्लॉट आवंटित कर दिए हैं। इनमें जैकसन लिमिटेड व सिफी इंफिनिट स्पेसेस लिमिटेड की ओर से 1757.45 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा तो 775 लोगों को रोजगार मिलेगा। सिफी इंफिनिट स्पेसेस लिमिटेड फॉर्च्यून-500 में शामिल है। यीडा के सेक्टर-28 में अधिकारियों ने पांच डाटा सेंटर के लिए प्लॉट आरक्षित कर दिए हैं और इससे यीडा क्षेत्र डाटा सेंटर पार्क का भी हब बन जाएगा। हालांकि ग्रेटर नोएडा में पहले ही एक डाटा सेंटर चल रहा है और जल्द ही ग्रेनो प्राधिकरण डाटा सेंटर की योजना लाने की तैयारी कर रहा है।

यमुना प्राधिकरण ने यीडा सिटी के सेक्टर-28 को डाटा पार्क के लिए आरक्षित कर रखा है। डाटा सेंटर विकसित करने के लिए बीते माह पांच भूखंडों की योजना निकाली गई थी, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर थी।

योजना में मैसर्स जैकसन लिमिटेड, मैसर्स सिफी इंफिनिट स्पेसेस लिमिटेड व टीएनटी ने आवेदन किया था। आवंटन समिति की बैठक हुई तो तीनों आवेदनों पर समिति द्वारा विचार करने के बाद परियोजना प्रस्तुतीकरण के आधार पर मैसर्स जैकसन लिमिटेड को भूखंड संख्या-डी-9 क्षेत्रफल- 20,000 वर्गमीटर तथा मैसर्स सिफी इंफिनिट स्पेसेस लिमिटेड को भूखंड संख्या डी- 10 आवंटित किया गया। सिफी इंफिनिट फॉर्च्यून- 500 कंपनियों में शामिल है।

बता दें कि योजना में 1,25,660 वर्गमीटर व 40 हजार वर्गमीटर के 1-1 भूखंड व 20,000 वर्गमीटर के 3 भूखंड थे। 1,25,660 वर्गमीटर के लिए आरक्षित मूल्य 14,064.60 व 40,000 वर्गमीटर के लिए आरक्षित मूल्य 12,819 व 20,000 वर्गमीटर के लिए आरक्षित मूल्य 14,793 व 20,000 वर्गमीटर के लिए आरक्षित मूल्य 14,088 एवं 20,000 वर्गमीटर के लिए आरक्षित मूल्य 15,497 प्रति वर्गमीटर था।

### भविष्य में ग्रेटर नोएडा में डाटा सेंटर पार्क देश में सबसे अधिक होंगे

अधिकारियों की मानें तो भविष्य में ग्रेटर नोएडा में डाटा सेंटर पार्क देश में सबसे अधिक होंगे। चूंकि पहले चरण में डाटा सेंटर पार्क के लिए पांच प्लॉट आरक्षित किए हैं तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी तीन और डाटा सेंटर लाने की तैयारी कर रखी है। हालांकि ग्रेनो में अभी एक डाटा सेंटर पार्क का उद्घाटन पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। अब वह दिन दूर नहीं, जब ग्रेटर नोएडा डाटा सेंटर पार्क का हब बन जाएगा।

# वन विभाग का क्षेत्रीय प्रबंधक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़ । पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने बुधवार को जालंधर जिले के कस्बा फिल्लौर में पंजाब वन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक सुखमिन्दर सिंह हीरा को तीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिया।

विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त अधिकारी को वन ठेकेदार बलकार सिंह निवासी गाँव कालस कलाँ, ज़िला लुधियाना द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पंजाब विजीलेंस ब्यूरो की आर्थिक अपराध शाखा

( ई. ओ. डब्ल्यू.) लुधियाना को बताया कि उक्त वन अधिकारी ने उसकी फर्म को अलाट किये टेंडर के अंतर्गत वृक्षों की कटायी के बदले उससे 35 हजार रुपये बतौर कमीशन देने की माँग की है। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त सुखमिन्दर सिंह ने उसको धमकाया है कि यदि उसने इस कमीशन की अदायगी न की तो भविष्य में उस (शिकायतकर्ता) को ऐसा कोई टेंडर आवंटित नहीं करने देगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रिश्वत नहीं देना चाहता था, लेकिन मजबूरन उसको पहली किश्त के तौर पर पांच हजार रुपये उक्त वन अधिकारी को देने पड़े और अब वह बकाया पैसों की माँग कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद ई. ओ. डब्ल्यू. लुधियाना की एक टीम ने उक्त वन अधिकारी को दो अधिकारियों के गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से दूसरी किश्त के तौर पर तीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू कर लिया।

# वातावरण में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर आमजन के लिए जारी एडवाइजरी

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला प्रशासन ने वातावरण में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सिरसा जिला में फसल अवशेष जलाने के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई 301-400 स्तर तक गिर गया है, जोकि बहुत खराब है। वायु प्रदूषण के निरंतर बढ़ते स्तर से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यह स्वास्थ्य संबंधी खतरों और विशेषकर बुजुर्गों और ब%चों को श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा करता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि निवासियों के लिए बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

एडवाइजरी की जानकारी देते हुए श्री गुप्ता ने जिले वासियों से आह्वान किया है कि पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण से बचाव की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे निर्णायक कदमों में आमजन भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वायु प्रदूषण नियंत्रण में रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त उपायुक्त, नगर आयुक्त, सभी एसडीएम, डीडीपीओ, डीएफओ, सीएमओ, आरटीए, जीएम रोडवेज, एनएचएआई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि विभाग, एचएसएएमबी, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, माइनिंग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग और फायर अधिकारी को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# फ्लैट खरीदारों को पैसे वापसी के बदले फ्लैट पर कब्जे का मौका

नोएडा । सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद अब यूनिटेक की परियोजनाओं के काम शुरू होंगे। ऐसे में फ्लैट खरीदारों को यूनिट मिलने की संभावना दिखने लगी है। यही वजह है कि कई फ्लैट खरीदार अब पैसे की वापसी नहीं बल्कि फ्लैट पर कब्जा चाहते हैं। ऐसे में यूनिटेक के बोर्ड ने उनको एक और मौका देने का फैसला किया है। यूनिटेक मामले में 35 परियोजनाओं का टेंडर फरवरी में निकाला गया था। इनमें से 18 परियोजनाओं में किसी ने भी टेंडर नहीं डाला। दो परियोजनाओं के लिए केवल एक एजेंसी ने टेंडर डाला। नियम के मुताबिक, कम से कम तीन एजेंसियों का टेंडर डालना जरूरी है, लिहाजा दो अन्य टेंडर भी निरस्त हो गए थे। इस तरह से कुल 20 टेंडर निरस्त किए गए। बाकी बचे हुए 15 टेंडरों के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कमेटी और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने



तकनीकी और वित्तीय बिड को मंजूरी देते हुए काम देने का प्रस्ताव रखा। इसे मंजूरी के लिए रिटायर्ड जज एएम सप्रे को भेजा गया, वह सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित समिति के प्रमुख हैं।

एएम सप्रे ने रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए टेंडर को सुप्रीम कोर्ट के पास अनुमति के लिए भेज दिया। यही नहीं, बाद में निकाले गए दूसरे चरण के 34 टेंडर भी फाइनल हो गए थे। इसे भी सुप्रीम कोर्ट के पास भेजा गया था। अब सुप्रीम कोर्ट की ओर से मंजूरी मिल गई है।

### अब तक 338 ने किया है आवेदन

यूनिटेक के 338 फ्लैट खरीदारों ने अब तक रिफंड के बदले पजेशन की योजना में आवेदन किया है। इसमें 289 ने पहले चरण में और बाद में 49 फ्लैट खरीदारों ने आवेदन किया है। अब यूनिटेक की ओर से कहा गया है कि वह इससे जुड़ी जानकारी ई-मेल के माध्यम से भेजें ताकि इसमें आगे की कार्यवाही संभव हो सके।

### रिफंड का कुछ हिस्सा ले चुके खरीदार भी कर सकते हैं आवेदन

बताया जा रहा है कि इस योजना में वैसे फ्लैट खरीदार भी हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने रिफंड का कुछ पैसा पहले ले लिया है। अब उनको यह पैसे वापस लौटाने होंगे और यूनिटेक की शर्तों के मुताबिक, बकाए पैसे का भुगतान करना होगा। तभी उनको फ्लैट मिल पाएंगे। इन परियोजनाओं में सेक्टर-117 के यूनिहोम्स फेज-एक, दो और गार्डन फेज-तीन के बाहरी ड्रेनेज और एसटीपी के काम, सेक्टर-96-97-98 के अंबर, विलोज और बरगंडी सहित सेक्टर-113 की परियोजनाओं के सिविल स्ट्रक्चर और फिनिशिंग का काम, ग्रेटर नोएडा वर्व और हैबिटेट कॉर्नर के आंतरिक कार्यों के अलावा दूसरे अन्य कार्य शामिल हैं।

# भारत, कनाडा के रिश्तों में आयी कड़वाहट को दूर करने के लिये दोनों देशों से हाथ मिलाने की अपील

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की अंतरिम समिति की बुधवार को हुयी महासभा में सिख मुद्दों को लेकर कयी अहम प्रस्ताव पारित किये गये। इन प्रस्तावों में बंदी सिख कैदियों की रिहायी को लेकर भी अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इसके अलावा शिरोमणि कमेटी के मतदाता बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने, पंजाबी भाषा के खिलाफ भेदभाव खत्म करने, पाकिस्तान में सिख विरासत की देखभाल करने और पंजाब के पानी के पक्ष में खड़े होने की घोषणा की गयी।

समिति ने प्रस्ताव पारित कर भारत और कनाडा के रिश्तों में आयी कड़वाहट को दूर करने के लिये दोनों देशों से हाथ मिलाने की भी अपील की।

पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच बने हालात के कारण सिखों और पंजाबियों को बिना वजह नफरत भरे प्रचार का सामना करना पड़ रहा है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिस पर सरकारों को गंभीरता से विचार करना चाहिये।

बंदी सिंहों (सिख कैदी) की रिहायी की मांग वाले प्रस्ताव में सरकारों पर निशाना साधते हुये कहा गया कि यह भेदभाव मानवाधिकारों का उल्लंघन है। सजा पूरी होने के बाद भी बंदी सिंहों को रिहा नहीं किया जा रहा है।

इस प्रस्ताव के जरिए सरकारों से मांग की गयी कि सिखों के खिलाफ हिंसा को खत्म किया जाये और सिख कैदियों को तुरंत रिहा किया जाये। इस संबंध में महासभा ने सभी सिख संगठनों, धार्मिक संगठनों, संत समाज, निहंग सिंह पार्टियों और सिख राजनीतिक दलों से सरकार के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। बंदी सिंह बलवंत सिंह राजोआना से भी अपील की गई कि पूरा सिख पंथ बंदी सिंहों के साथ है, इसलिए उन्हें जेल के अंदर कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिये जिससे समुदाय में चिंता पैदा हो।

एक प्रस्ताव के माध्यम से शिरोमणि कमेटी की वोट बनाने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने तथा वोट बनाने का समय बढ़ाने की मांग की गयी। गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त को सरकारों के प्रभाव से मुक्त होकर वोट बनाने की प्रक्रिया में निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिये।

### ईडी ने अभिषेक बनर्जी को किया तलब

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के विद्यालयों में नौकरियों के कथित घोटाले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को तलब किया है। ईडी ने श्री बनर्जी को नौ नवंबर को यहां के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। डायमंड हार्बर से लोकसभा सदस्य एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी को इस मामले में नौ अक्टूबर को भी तलब किया था लेकिन उस समय वे उपस्थित नहीं हुए थे। गौरतलब है कि जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद संघीय एजेंसी द्वारा की जा रही है। निदेशालय उक्त घोटाले के लिए धन के लेन-देन की जांच कर रहा है, जिसने राज्य भर में सरकारी प्रायोजित स्कूलों में योग्य उम्मीदवारों को प्रदान किया।

# लाइसेंस के बिना पटाखे बेचने पर पाबंदी


एजेंसी

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के पुलिस उपायुक्त जगमोहन सिंह ने बुधवार को आदेश जारी कर दिवाली पर बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया। सिंह ने आदेश में कहा कि कोई भी व्यक्ति लाइसेंस वाले चिह्नित स्थानों के अलावा कहीं भी पटाखे नहीं बेच सकेगा। इसके साथ ही कमिश्नरेट जालंधर की सीमा में कहीं भी बिना लाइसैंस वाली दुकानों के पटाखे नहीं बेचे जायेंगे।

उपायुक्त पुलिस ने आदेशों में कहा है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे लाइसेंस जोन के नजदीक पटाखे नहीं चलाये जाएंगे। सुच्ची गांव की सीमा और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और एच.पी.सी.एल. प्लांट से 500 गज की दूरी तक पटाखे नहीं चलाये जा सकेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि खिलौनों और इलेक्ट्रानिक सामान जैसे दिखने वाले पटाखों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाती है।

लाइसेंस होल्डर को केवल लाइसेंस प्राप्त पटाखा फैक्ट्री या कंपनी से मंजूरशुदा पटाखे बेचने की अनुमति होगी जबकि विदेशी पटाखों की इजाजत नहीं होगी जो लोगों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते है। आदेशों में कहा गया है कि विदेशी पटाखों पर पाबंदी का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। आदेशों में लडी वाले पटाखों जैसे कि पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर भी पूरी तरह से रोक लगायी गयी है, जो हवा, आवाज प्रदूषण और ठोस कूडे की समस्या का कारण बनते है।

# पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को अवमानना मामले में जारी नोटिस



नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में लोक निर्माण विभाग (पीब्ल्यूडी) के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु को अवमानना नोटिस जारी कर व्यक्तिगत जवाबी हलफनामा जमा करने को कहा है।

मामला देहरादून के सहस्त्रधारा रोड के चौड़ीकरण से जुड़ा हुआ है। दरअसल देहरादून निवासी आशीष गर्ग की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने 16 सितम्बर 2022 को एक आदेश जारी कर चौड़ीकरण की जद में आ रहे पेड़ों को आधुनकि मशीनों के माध्यम से प्रत्यारोपण के निर्देश दिये थे।


अदालत ने कहा था कि पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिये आधुनिक यंत्र खरीदने और पूरी प्रक्रिया चार महीने में पूरी करने के निर्देश दिये थे। याचिकाकर्ता की ओर से इसके बाद हाल ही में एक अवमानना याचिका दायर कर कहा गया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है।

पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिये आधुनिक उपकरणों को उपयोग में नहीं लाया गया। फलदार पेड़ों की टहनियां काट कर उन्हें प्रत्यारोपित करने की प्रक्रिया अपनायी गयी। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में इस मामले से जुड़े फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराये गये।

अंत में अदालत ने प्रमुख सचिव आरके सुधांशु और सहायक अभियंता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। यह आदेश गत एक नवम्बर को जारी किया गया लेकिन आदेश की प्रति आज यानी बुधवार को उपलब्ध हुई। अदालत ने अपने आदेश में दोनों से पूछा है कि पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिये आधुनिक उपकरण कब खरीदे गये और इस प्रक्रिया में क्या वन अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों की मदद ली गयी कब और कहां कितने पेड़ प्रत्यारोपित किये गये। इस मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

# रायथु बंधु को 10 हजार से बढ़ाकर 16 हजार करेंगे : केसीआर

आसिफाबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बुधवार को आसिफाबाद में आयोजित 'आशीर्वाद जनसभा' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) राज्य के लोगों के अधिकारों और राज्य गठन के लिए पैदा हुई पार्टी है। कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा तेलंगाना को नष्ट कर दिया और उसे जबरन आंध्र में मिला दिया। कोई 14 वर्षों तक यह पार्टी अनवरत संघर्ष करती रही। अंत में कांग्रेस पार्टी ने धोखा देने की कोशिश की तो मैं यह कहते हुए आमरण अनशन पर बैठ गया



कि 'केसीआर तेलंगाना देंगे।' इस आमरण अनशन के बाद तेलंगाना मिल सका। इसके पहले पचास वर्षों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस और पिछले दस वर्षों में बीआरएस शासन काल में कितना विकास हुआ, यह सभी जानते हैं। हम किसानों के कल्याण के लिए रायथु बंधु को दस हजार से बढ़ाकर सोलह हजार करेंगे।

बीआरएस प्रमुख केसीआर ने कहा कि आदिवासी बच्चों और गरीबों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीआरएस सरकार द्वारा दूरदराज के इलाके आसिफाबाद को एक जिले के रूप में स्थापित किया गया है। मैंने जिले का नाम महान योद्धा कोमरंभिम के नाम पर 'कोमरंभिम आसिफाबाद' रखा है, जिन्होंने जल, जंगल, ज़मीन के नारे के साथ तेलंगाना के लिए लड़ाई लड़ी थी। जिस क्षेत्र में कोमरंभिम ने लड़ाई लड़ी, उसे पूर्ववर्ती सरकार ने नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन 2014 के बाद कोमरंभिम के नाम पर शानदार स्मारक बनवाया बनाया गया है।

बीआरएस सरकार ने भव्य कलेक्टरेट और एसपी कार्यालय बनवाया है। उन दिनों जब इस क्षेत्र में बरसात का मौसम आता था, पहाड़ी की चोटी पर घर होते थे, पहाड़ी के नीचे नालों का पानी होता था, प्रदूषित पानी पीने से कई लोग संक्रामक रोगों से मर जाते थे। इसकी खबरें अखबारों में छपती थी।

### भाजपा सरकार ने आमजन की भावनाओं के अनुकूल किए कार्य

नरसिंहपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने आमजन मानस की भावनाओं के अनुकूल कार्य किए हैं। योगी ने नरसिंहपुर विधानसभा के करेली में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि राम मंदिर और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्वार हो।

# तमिलनाडु में डीआरआई ने हाथी के दांत के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने तमिलनाडु के दक्षिणी विरुधुनगर जिले के श्रीविल्लीपुत्तूर में दो हाथियों के दांत जब्त किये हैं, जिनका वजह 21.63 किलोग्राम है।

डीआरआई ने कहा कि यह जब्ती विशिष्ट गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को शाम के समय में की गई और इस संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया।

आज यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि अवैध वन्यजीव व्यापार में शामिल एक गिरोह श्रीविल्लिपुथुर के पास हाथी के दांत (आइवरी) की दो नग बेचने की कोशिश कर रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची ङ्घ के तहत आते हैं। इस बारे में जानकारी मिलने पर योजना तैयार की गयी और निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचने पर, अधिकारियों ने तीन व्यक्तियों (विक्रेताओं) के पास एक बड़ा बैग के साथ देखा, जिसमें कथित हाथी दांत होने का संदेह था और उन्हें संदिग्ध तरीके से व्यवहार करते देखा गया था।

गौरवशाली भारत

3

दिल्ली

नई दिल्ली

गुरुवार 09 नवंबर 2023

Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### शीतकालीन अवकाश समय से पहले करने का दिल्ली सरकार का निर्णय समय पर उठाया गया उचित कदम : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय



नई दिल्ली। प्रशिक्षित शिक्षक संघ दिल्ली और नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क और नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता और भारी प्रदूषण के कारण दिल्ली सरकार द्वारा शीतकालीन अवकाश समय से पहले करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे छात्रों और शिक्षकों के हित में उठाया गया उचित और सराहनीय कदम बताया है। वत्स ने कहा है गैस चैंबर बनी दिल्ली में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से शिक्षा मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम लाखों अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है। स्कूल बंद होने से स्कूलों की बसें, वैन और अभिभावकों के वाहन सड़क पर नहीं उतरेंगे जिससे वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी और सड़क पर जाम की स्थिति भी नहीं बनेगी।

### नाबालिग ने किया आत्मदाह का प्रयास

**गौतम बुद्ध नगर।** सूरजपुर थाना क्षेत्र के सूरजपुर न्यायालय के गेट नंबर-2 के बाहर एक नाबालिग किशोरी ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस के सामने हंगामा करते हुए किशोरी ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और खुद को आग लगाने लगी। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आग लगने से पहले ही लड़की को पकड़ लिया। इसके बाद लड़की को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। लड़की के द्वारा न्यायालय में 156/3 में एक प्रार्थना पत्र डाला गया था। वह एक युवक से प्रेम करती है लेकिन वह लड़का उससे शादी नहीं करना चाहता। इसी बात से वह नाराज थी और उससे शादी करना चाहती थी। 156/3 में कोई कार्रवाई न होने पर उसने यह कदम उठाया। लड़की का उसकी बहन के देवर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़का मूलरूप से बदायूं का रहने वाला है। यह लड़की थाना फेस टू क्षेत्र में रह रही थी। पुलिस ने लड़की की बात सुनी है। पुलिस ने लड़की की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

### मैनेजर ने युवती का बनाया अश्लील वीडियो

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-48 स्थित एक निजी बैंक के सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर (एसआरएम) ने अपने साथ काम करने वाली युवती को झांसे में लेकर धोखे से न्यूड वीडियो बना लिया। यही नहीं आरोपी ने वीडियो को वायरल करने का डर दिखाकर उससे एक लाख 60 हजार रुपए भी वसूल लिए। युवती से जब और पैसे की मांग की गई तो उसने मामले की शिकायत एक्सप्रेस वे थाने की पुलिस से कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-27 की रहने वाली युवती ने पुलिस से शिकायत की है। उसने बताया, मैं सेक्टर-48 स्थित निजी बैंक में इंश्योरेंस कंपनी में काम करती हूं। इस दौरान बैंक के सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर ने नजदीकी बढ़ानी शुरू कर दी। फिर सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में अपने फ्लैट पर लेकर पहुंचा और वहां धोखे से उसने न्यूड वीडियो बना ली। कुछ समय बाद ही मैनेजर ने न्यूड वीडियो को वायरल करने का डर दिखाकर युवती से एक लाख 60 हजार रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद भी उसने उसकी न्यूड वीडियो को कई लोगों को सेंड कर दिया। इससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को काफी ठेस पहुंची। जब मैंने मैनेजर से वीडियो को डिलीट करने को कहा तो उसने उससे और पैसे की मांग की। इसके बाद मैं काफी दिनों तक तनाव में थी।

### ग्रैप के नियम तोड़ने वालों पर अब तक 15.33 लाख रुपये का जुर्माना

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) द्वारा धूल को उड़ने से रोकने और प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। एमसीजी द्वारा सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चौथा चरण लागू किया हुआ है। ऐसे में नगर निगम द्वारा नियम तोड़ने वालों के चालान भी किए किए जा रहे हैं। अब तक 151 उल्लंघनकर्ताओं पर 15.33 लाख रुपये जुर्माना वसूला है। एमसीजी की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि गुरुग्राम में प्रदूषण को कम किया जाए। इसके लिए सड़कों व पेड़ों पर छिड़काव किया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप का चौथा चरण लागू किया हुआ है और कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। नियम के तहत सभी प्रकार की निर्माण व तोड़फोड़ की गतिविधियां बैन कर दी गई हैं। निर्माण सामग्री पर नियमित पानी का छिड़काव करने के साथ ही उसे कवर रखना अनिवार्य है।

# दिल्ली में प्रदूषण के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : दुर्गेश पाठक

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार जिम्मेदार है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दुर्गेश पाठक ने बुधवार को कहा कि दिल्ली और आसपास के सभी जगहों पर प्रदूषण का काला साया छाया है। ऐसे समय में जब केंद्र सरकार और उनकी सभी एजेंसी को 24 घंटे काम करना चाहिए। उस समय में देश के पर्यावरण मंत्री मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनावी सभा करने में व्यस्त हैं। उन्होंने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है कि अगर कुछ कर सकते हो तो खुद कर लो।

पाठक ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट



का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने कल आदेश दिया कि कैबिनेट सचिव की जिम्मेदारी है कि दिन प्रतिदिन के स्तर पर प्रदूषण की समस्या का समाधान करें आप अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब में जल्द पराली जलाने की घटनाओं में और कमी आएगी लेकिन इससे समाधान नहीं होगा क्योंकि हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में क्या हो रहा है? इसके ऊपर कोई भी चर्चा नहीं हो रही है। दो दिन पहले की रिपोर्ट की मुताबिक कैथल सबसे ज्यादा प्रदूषित जिला माना गया है। हमने एक तरह से आंखें बंद कर ली हैं कि कुछ भी आए दिल्ली को जिम्मेदार ठहरा दें जबकि दिल्ली का तो प्रदूषण में कुछ भी योगदान नहीं है।

आप नेता ने कहा कि असली सच्चाई यह है कि इससे जनता सफर कर रही है। हमें मिलकर इसका रास्ता निकालना होगा। हर चीज में इस तरह की गंदी राजनीति करने की क्या जरूरत है? कुछ चीजों को राजनीति से दूर रखना चाहिए।

## दिल्ली सरकार ने 9 से 18 नवंबर तक स्कूलों में अवकाश किया घोषित

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए नौ से 18 नवंबर तक सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित की। दिल्ली शिक्षा विभाग की ओर से यह आदेश बुझावार को जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए शीतकालीन सत्र को पहले करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल नौ से 18 नवंबर तक बंद रहेंगे। शिक्षक भी घर पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि शीतकालीन अवकाश के बचे हुए दिनों के बारे में निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा। ग़ौरतलब है कि दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता ख़राब होने के कारण प्राइमरी स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का फैसला किया गया था।

## किसानों ने की पंचायत, मांगों को लेकर जन प्रतिनिधियों से मिलेंगे

### नोएडा प्राधिकरण पर करेंगे बड़ा आंदोलन

नोएडा। एक बार फिर से नोएडा प्राधिकरण पर किसानों ने आंदोलन करने की तैयारी की है। इस बार 1976 से लेकर 1997 तक के किसान है। किसान एकता संघ के बैनर तले किसानों ने सेक्टर-31 स्थित निठारी में एक पंचायत की। इस पंचायत की अध्यक्षता उमेद सिंह शर्मा ने की।
पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने कहा, नोएडा प्राधिकरण के स्थापना फाउंडर गांवों को 10% भूखंड व 297 रुपए प्रति वर्ग मीटर का मुआवजा एक समान नीति से दिया जाए। भूमिहीन को प्लाट और रोजगार दिया जाए। इन मांगों को लेकर किसान जनप्रतिनिधि विधायक पंकज सिंह और सांसद डॉक्टर महेश शर्मा से मिलेंगे। इसके लिए उनको ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद रणनीति तैयार कर प्राधिकरण पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अब तक जो बढ़ी दर से मुआवजा और 10% विकसित भूखंड दिए गए है वो सभी 1997 के बाद के किसान और जो कोर्ट गए है उन्हीं को दिए गए। इस मांग को लेकर भारतीय किसान परिषद प्राधिकरण पर धरना दे चुके हैं। उनकी इसी मांग को बोर्ड में अनुमोदित कर शासन को भेजा गया था। अब किसान एकता संघ के बैनर तले आंदोलन की तैयारी चल रही है। आज की पंचायत में चौधरी वाली सिंह, राजेंद्र चौहान, धर्मपाल प्रधान, वेद शर्मा, पवन शर्मा अशोक अवाना सुमित अंबा वत ललित अवाना महीपाल अवाना मास्टर हरिराम आदि मौजूद रहे।

## पात्र व्यक्ति अवश्य बनवाएं अपना मतदाता पहचान पत्र : उपायुक्त

गुरुग्राम। मतदाता सूची अपडेट करने के लिए जिला में मारुति के गुरुग्राम स्थित प्लांट में विशेष शिविर लगाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शिविर का निरीक्षण किया। मारुति के कामगारों से अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि परिवार में 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके बच्चों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की। लोकतंत्र में मताधिकार का विशेष महत्व है। मताधिकार की पात्रता पूरी करने वाले सभी को अपना मत अवश्य बनवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रमानुसार गलतियों रहित फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार करना बेहद जरूरी है। इसके लिए जिले में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान जारी है।

तहसीलदार (निर्वाचन) राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पहली जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर शनिवार नौ दिसंबर 2023 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवसर पर एएलसी कुशल कटारिया, मारूति के प्लांट हेड विनय रस्तोगी, आईआर वरुण व ईएमआर अतुल यादव सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुल्लू में ट्रैकिंग के दौरान नोएडा के युवक की मौत

कुल्लू। हिमाचल में कुल्लू जिले के मणिकर्ण-मानतलाई ट्रैक पर एक ट्रैकर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैकिंग के दौरान ट्रैकर नदी में जा गिरा। मृतक के शव को नदी से निकाल कर कुल्लू लाया जा रहा है। मृतक की पहचान गौतम बुद्ध, सेक्टर 82, जिला नोएडा निवासी बाला शिवम रॉय के तौर पर हुई है। बाला शिवम रॉय मणिकर्ण से 5 नवंबर को ट्रैकिंग पर निकला था। इसके साथ गाइड और पोर्टर भी मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, शिवम रॉय चट्टानों के बीच से होकर गुजरने वाले संकरे रास्ते से गिरा गया। यह घटना 6 नवंबर की बताई जा रही है। मगर, दुर्गम क्षेत्र होने के कारण पुलिस और रेस्क्यू दल को घटना स्थल तक पहुंचने में वक्त लगा।

# ऑड-ईवन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर निर्णय लेगी सरकार : राय

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली में ऑड-ईवन को लागू करेगी।
गोपाल राय ने बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ऑड-ईवन को लागू करेगी। सरकार के पास ऑड-ईवन को लेकर दो अध्ययन है जिसे अगली सुनवाई के दौरान पेश किया जाएगा। इसके बाद शीर्ष अदालत जो आदेश देगा, उसी के मुताबिक दिल्ली सरकार निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने



प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर कई अहम आदेश जारी किए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में डीपीसीसी को निर्देश दिया गया है कि वह गुरुवार तक कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टावर को पूरी क्षमता के साथ शुरू करे। साथ ही रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी को दोबारा शुरू किया जाए और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करे। इसके अलावा, कल से स्पेशल एंटी ओपन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा।

गोपाल राय कहा कि पिछले एक सप्ताह से केंद्र सरकार से आग्रह कर रहा था कि वायु प्रदूषण पूरे उत्तर भारत की समस्या है और उत्तर भारत के चारों राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर कोई संयुक्त कार्य योजना बनाकर कार्यांवित नहीं करेंगे तब तक प्रदूषण से निपटना संभव नहीं होगा। दिल्ली सरकार ने दिल्ली में सीएक्यूएम के आदेशानुसार ग्रेप 1, ग्रेप 2, ग्रेप 3 और ग्रेप 4 को लागू किया है लेकिन दिल्ली से सटे राज्यों की सरकारें पूरी तरह से उदासीनता दिखा रही हैं।

# डूसू ने डीयू में निशुल्क शटल बस सेवा शुरू करने की मांग की

नयी दिल्ली। राजधानी के मुखर्जी नगर स्थित राजीव गांधी छात्रावास परिसर में रहने वाली छात्राओं के लिए विशेष बसों के संचालन हेतु व विश्वविद्यालय में शटल बस सेवा शुरू करने हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) सचिव अपराजिता व संयुक्त सचिव सचिन बैंसला ने बुधवार को विश्वविद्यालय (डीयू) कुलसचिव को अपना ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि छात्राओं के लिए विशेष बसें चलाई जाएं जिससे उन पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम होगा, तथा परिसर तक पहुंचने छात्राओं को सुविधा भी होगी। छात्राओं की सुरक्षा अति संवेदनशील मुद्दा है, ऐसे में डूसू ने इस मुद्दे पर डीयू




प्रशासन को कड़े कदम उठाने की मांग की है।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव से पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने घोषणा पत्र में भी यह बात स्पष्ट रूप से कही थी कि, विश्वविद्यालय विशेष बसों की सुविधा उपलब्ध कराए।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ सचिव अपराजिता ने विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता में लेकर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कुलसचिव से मिलकर डूसू ने निशुल्क बस सेवा मेट्रो तथा छात्रावासों से कॉलेजों तक देने की मांग की है। मुखर्जी नगर स्थित राजीव गांधी छात्रावास से डीयू के कॉलेजों के बीच बस चलाई जानी चाहिए।

डूसू के संयुक्त सचिव सचिन बैसला ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज के पास स्थित मेट्रो स्टेशनों से कॉलेजों के बीच में सटल बस सेवा शुरू करनी चाहिए, पहले डीटीसी द्वारा यूनिवर्सिटी स्पेशल बसें चलाई गई थी लेकिन वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बंद कर दी गई है। आज हमने मेट्रो स्टेशनों से कॉलेजों के बीच बस चलाने को लेकर विश्वविद्यालय को ज्ञापन दिया है शीघ्र हम डीटीसी को भी यूनिवर्सिटी स्पेशल बस चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन देंगे।

# दबंगो ने पहले पीटा फिर कुत्ते से कटवाया

**नोएडा।** नोएडा के याकूबपुर गांव में कुछ दबंग लोगों ने तीन लोगों को पहले बुरी तरह पीटा उसके बाद अपने पालतू कुत्ते को उन पर छोड़ दिया। कुत्ते ने उन लोगों पर हमला कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में थाना फेज-2 मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। इलाहाबास गांव के रहने वाले पंडित चुन्नी लाल शर्मा ने बताया कि मेरा बेटा मोहित शर्मा, पोता तुषार शर्मा और मेरा भाई कमल शर्मा मंगलवार की रात इलाहाबास से याकूबपुर गांव जा रहे थे। कुछ दिन पहले नोएडा प्राधिकरण ने याकूबपुर गांव की सड़कें बनवाई थी। इसी सड़क को कुछ दबंग ग्रामीणों ने गांव की आने जाने वाली सड़क को बांस-बल्ली से बंद कर रखा था। बास बल्ली हटाकर वो आगे बढ़े तो गांव के 4 से 5 दबंगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। उनको बहुत बुरी तरह मार पीट कर अधमरा कर दिया। मारपीट के बाद भी वो शांत नहीं हुए तो आरोपियों ने उन पर अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया।

# जल, मिट्टी व हवा में घुला जहर : दादा गुरु

## नौ दिवसीय यमुना सेवा पद यात्रा पूरी करने के बाद अवधूत दादा गुरु ने साझा किए अपने अनुभव

- बताया, जल, हवा व धरती के दूषित होने के अलावा प्लास्टिक व नशाखोरी दिल्ली से मथुरा के बीच की बड़ी चुनौती, इस दिशा में काम करने का किया वायदा
- पूरी यात्रा में दादा गुरु ने लोगों को पौधरोपण समेत प्रकृति के नजदीक जाने की लोगों को दी सीख

नई दिल्ली। दिल्ली से मथुरा तक की यमुना नदी की पदयात्रा करने वाले अवधूत दादा गुरु का मानना है कि यमुना जी में जहर है। इस पथ की मिट्टी और हवा में भी जहर है। स्थिति बहुत भयावह है। पूरा जीवन अस्त-व्यस्त है।

गहरी शारीरिक व मानसिक विसंगतियां हैं। सारे गांव व नगर संक्रमण के शिकार हैं। दिल्ली में तो सांस लेना भी मुश्किल है। करीब 1100 दिनों से निराहार, सिर्फ नर्मदा नदी के जल पर जीवन यापन करने वाले दादा गुरु दिल्ली में बुधवार मीडिया से बात कर रहे थे। अपना अनुभव साझा करते हुए दादा गुरु ने वायदा किया कि अब उनकी कोशिश जल, मिट्टी व हवा को जहर मुक्त करने की है।

दादा गुरू ने बताया कि जल, मिट्टी व वायु के साथ दिल्ली से मथुरा के बीच दूसरी भी बड़ी विसंगतियां है। इसमें प्लास्टिक का हर तरफ जाल फैला हुआ है। वहीं, भगवान कृष्ण की धरा पर मदिरा सेवन का चलन भी खूब है। खान-पान व आचरण में गिरावट भी है।

दादा गुरू ने बताया कि उनकी निजी पीड़ा यही रही कि यमुना जी के पावन तट पर उनको नर्मदा जी का जल लेना पड़ा। दिल्ली से मथुरा के बीच कहीं भी कोई ऐसी जगह नहीं, जहां यमुना का पानी पिया जा सके। यमुना जी का जल जहरीला है। यह देखना बेहद दर्दनाक रहा।

दादा गुरू के मुताबिक, यमुना जी सामूहिक प्रयास से ही अविरल व निर्मल होंगी। जितना काम सरकार को करना है, उतना ही समाज को भी। मिलकर काम करने के प्रभाव से यमुना स्वच्छ होंगी।

इसमें तटबंधों पर जंगल व अभ्यारण्य विकसित होंगे। नदी के किनारे पेड़ होंगे तो पानी बचेगा, हवा साफ होगी और जमीन भी। यह एक चक्र है। इसमें तीनों एक-दूसरे साथ हैं। अपनी नौ दिन की यात्रा में लोगों की इसी बात की सीख भी दी। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इसमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की बात समाज से होगी। वहीं, प्लास्टिक मुक्ति और नशा मुक्ति अभियान भी चलेगा।

### नौ दिवसीय पदयात्रा व गोवर्धन परिक्रमा पूरी

यमुना संसद के संयोजक रवि शंकर तिवारी ने बताया कि यमुना की अविरलता एवं निर्मलता के मकसद से नर्मदा मिशन के संस्थापक अवधूत दादा गुरु ने दिल्ली से 28 अक्तूबर को यमुना सेवा पदयात्रा शुरू की थी। नौ




### सबसे बेहतर और सुरक्षित जीवन का समर्पित रही यात्रा

दादा गुरु ने बताया कि हर राष्ट्र की अपनी अपनी जीवन शैली है। इसकी अपनी प्रकृति और संस्कृति है। इनसे विमुख होना ही राष्ट्र विशेष के पतन का कारण बनता है। भारत की अपनी जीवन शैली प्रकृति के नजदीक रहने की रही है। धरा, धेनु और नदी के इसके केंद्र में हैं। आज इनका दोहन व शोषण हो रहा है। इसी से हवा, जल व धरा में विसंगतियां आई हैं। आज जो भी व्यक्ति बेहतर व सुरक्षित जीवन जी रहा है, वह प्रकृति के निकट है। संस्कृति व प्रकृति की निकटता में ही तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है। हमारी यात्रा सबसे बेहतर और सुरक्षित जीवन के लिए है। हम खुद इसके लिए समर्पित हैं। पूरी दुनिया को बता रहे हैं कि जीवनदायी जल पर जिया जा सकता है। 1,100 दिनों की निराहार साधना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी है।


दिवसीय इस यात्रा में हजारों लोगों ने शिरकत की। दादा गुरु ने इस बीच लोगों को संदेश दिया दिया कि यमुना जी का संरक्षित रखने का हर काम खुद को बचाए रखने के लिए उठाया गया कदम है।

नदी नहीं होगी तो सदी भी नहीं बचेगी। इसमें उन्होंने लोगों को वृक्षारोपण, गौ आधारित खेती के लिए प्रेरित किया। पांच नवंबर को यह यात्रा मथुरा बंगाली घाट पर पूरी हुई। इसके बाद 6 नवंबर को गोवर्धन परिक्रमा की पूरी यात्रा में उन्होंने यमुना जी अविरलता व निर्मलता के लिए मथुरा व वृंदावन में संत मोहित मराल जी, संत प्रेमानंद, अनिरुद्धाचार्य, रमेश बाबा समेत दूसरे कई आध्यात्मिक संतों से सार्थक संवाद भी किया।

# भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया




अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को एक्स पर पोस्ट करके उनसे आग्रह किया है कि भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके जीवन काल में ही भारत रत्न से अलंकृत किया जाए। इसमें और अधिक देरी सही नहीं है। कई सालों से यह मांग हो रही है। वत्स ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से एक श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से विभूषित किया ही जाना चाहिए।
वत्स ने आज श्री लालकृष्ण आडवाणी




को उनके 96वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की मंगलकामनाएं की हैं। चार बार राज्यसभा और पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे और राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही सदनों में लीडर आफ अपोजिशन, केंद्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्री, गृहमंत्री रहे आडवाणी का कद भारतीय राजनीति में ख़ासतौर से भाजपा के लिए बहुत बड़ा है।
उनकी आयु भी 96की हो चुकी है। ऐसे में उनको उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न दिया जाना चाहिए। आडवाणी जी तीन बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति पद दोनों के ही प्रबल दावेदार थे।
भारत सरकार को मरणोपरांत की बजाय देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न किसी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नागरिक को उसके जीते जी देना चाहिए।

# डीयू सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से लक्ष्मीबाई कॉलेज में इंटर कॉलेजिएट वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से लक्ष्मीबाई कॉलेज में इंटर कॉलेजिएट वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 6 और 7 नवंबर को लक्ष्मीबाई कॉलेज के गार्गी हॉल में क्या संसदीय बयानों को न्यायिक जांच से गुजरना चाहिए विषय पर इस कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मीबाई कॉलेज की डिबेटिंग और पब्लिक स्पीकिंग सोसायटी, शास्त्रार्थ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन एवं पीआरओ अनूप लाठर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन से प्रतिभागियों का



उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए सभी विद्यार्थियों प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो. फ्लाविया सतारा विशिष्ट अतिथि एवं सांस्कृतिक परिषद के डीन प्रो. रविंदर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और अपने-अपने बहुमूल्य विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. प्रत्यूष वत्सला ने की। श्रीमती पुष्पा शर्मा, श्रीमती सुष्मिता रे एवं डॉ. विश्व रमन निर्मल निर्णायक मंडल में शामिल रहे।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने तर्कों से सभी का ज्ञानवर्धन किया। लक्ष्मीबाई कॉलेज की श्रेया बंसल एवं महक खानम ने प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल प्रो. प्रत्यूष वत्सला ने अतिथियों का आभार जताया और रत्नाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई कॉलेज प्रथम, दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स × कॉमर्स द्वितीय और सेंट स्टीफंस कॉलेज तृतीय स्थानों पर रहे।

नई दिल्ली
गुरुवार 09 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# गाजा में चल रहा युद्ध महिलओं और बच्चों के लिए विनाशकारी साबित

इजरायल हमास युद्ध में बच्चों और महिलाओं का मारा जाना बताता है कि न तो अब युद्ध के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय कानून की परवाह करने की जरूरत समझी जा रही है और न मानवीयता और उसके नैतिक तकाजों के लिए कोई जगह रह गई है।

अतीत से लेकर अब तक के सभी युद्ध बच्चों और महिलाओं के लिए त्रासद अमानवीय हालात ही पैदा करते रहे हैं। इसमें लड़ाई दो देशों के बीच होती है, मगर इसका बेहद तकलीफदेह खमियाजा बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं को उठाना पड़ता है। करीब एक महीने पहले हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में इजराइल की बमबारी से व्यापक तबाही हो चुकी है।

अब तक करीब दस हजार लोग मारे जा चुके हैं। सबसे त्रासद है कि इसमें जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या चार हजार से ज्यादा हो चुकी है। ये वे बच्चे थे, जिनकी युद्ध और हिंसा के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं थी, लेकिन उन्हें भी निशाना बनाने में कोई संकोच नहीं दिखाया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि इजराइली सीमा में हमास का अचानक हमला और उसमें चौदह सौ लोगों की हत्या बर्बरता का एक उदाहरण है। इजराइल की ओर से उसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लेकिन इससे फिलिस्तीन में इतनी बड़ी तादाद मंम आम लोगों और बच्चों के मारे जाने को उचित नहीं माना जा सकता।

इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी जारी की कि गाजा में चल रहा युद्ध बच्चों के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है। फिर भी युद्ध विराम जैसी किसी मांग पर विचार तक करने की जरूरत नहीं समझी जा रही। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इजराइली हवाई हमलों में आम रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों और राहत शिविरों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

ऐसी जगहों पर शरण लेने वाले बच्चों और महिलाओं का मारा जाना बताता है कि न तो अब युद्ध के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय कानून की परवाह करने की जरूरत समझी जा रही है और न मानवीयता और उसके नैतिक तकाजों के लिए कोई जगह रह गई है। हमास ने जिस तरह आम लोगों के खिलाफ बर्बरता की, उसका बचाव नहीं किया जा सकता, लेकिन इसके बाद इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह उसे हमास की ही श्रेणी में खड़ा कर देता है। उसके हमले में पनाहगाह बने अस्पताल और स्कूल जैसी जगहों को बख्श देने का कोई नैतिक तकाजा नहीं बचा दिखता है।

हालत यह है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर जताई गई चिंता और उसके मुताबिक इजराइल को अपनी आक्रामकता पर पुनर्विचार करने की कोई जरूरत महसूस नहीं हो रही।

नतीजतन, उसके हमले के सबसे त्रासद शिकार महिलाएं और बच्चे हो रहे हैं। सवाल है कि जिन मासूमों का सामूहिक कत्लेआम किया जा रहा है, युद्ध को शुरू करने में उनकी क्या भूमिका थी? हर युद्ध के दौरान महिलाएं और बच्चे बस शांति का इंतजार कर रहे होते हैं।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध में शिकार केवल दोनों पक्षों के मोर्चे पर मौजूद सैनिक नहीं होते।

खासकर आधुनिक युद्ध का जो तकनीकी स्वरूप हो गया है, उसमें सैनिक कम और आम लोग ज्यादा मारे जाते हैं। इस दौर में नई तकनीकों और विज्ञान के औजारों के बूते दुश्मन देश में भी चप्पे-चप्पे के बारे में जानकारी निकाल ली जाती है, उसमें चुन कर ठीक निशाने पर हमले किए जा रहे हैं।

मगर इतनी बड़ी तादाद में बच्चों का मारा जाना यह बताता है कि इजराइल के लिए अब युद्ध की नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खयाल रखना बिना महत्त्व के मसले हैं। सवाल है कि युद्ध की यह आग कितने और बच्चों की जान लेगी और उसे भविष्य में कैसे सही ठहराया जा सकेगा?

# राज्यपालों का केंद्र सरकार की तरफ झुकाव और राजनीतिक सक्रियता अनुचित

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यपालों को यह प्रवृत्ति छोड़नी होगी कि मामला अदालत में आने के बाद ही वे विधेयकों पर मंजूरी देंगे।

राज्यपालों की भूमिका को लेकर अब अक्सर सवाल उठने लगे हैं। इसकी एक बड़ी वजह है राज्यपालों का केंद्र सरकार की तरफ झुकाव और राजनीतिक सक्रियता। विचित्र है कि इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय को नसीहत देनी पड़ी है कि राज्यपालों को समझना होगा कि वे जनता द्वारा सीधे चुने हुए प्रतिनिधि नहीं हैं।

दरअसल, पिछले हफ्ते केरल, पंजाब और तमिलनाडु की राज्य सरकारों ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी कि राज्यपाल उनके पारित विधेयकों को लटकाए हुए हैं। यहां तक कि धन-विधेयक पर भी मंजूरी नहीं दे रहे। पंजाब सरकार की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने यह सख्त टिप्पणी की।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यपालों को यह प्रवृत्ति छोड़नी होगी कि मामला अदालत में आने के बाद ही वे विधेयकों पर मंजूरी देंगे। अदालत की यह टिप्पणी एक तरह से राज्यपाल पद की गरिमा को प्रश्नांकित करने वाली है। यह शायद पहली बार है, जब राज्य सरकारों को विधानसभा में पारित विधेयकों पर मंजूरी प्राप्त करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। जबकि राज्यपाल इस नियम से अनजान नहीं माने जा सकते कि पारित विधेयकों पर मंजूरी को लटकाए रखने का उनका अधिकार सीमित है।

हालांकि पहले भी राज्यपाल केंद्र की मर्जी के अनुरूप और दलगत झुकाव के साथ काम करते देखे जाते थे, मगर पिछले आठ-नौ सालों में जिस तरह वे प्रकट रूप में अपने पद की गरिमा को ताक पर रखते हुए काम करते देखे जा रहे हैं, उसे लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। राज्यपाल का पद संवैधानिक और एक तरह से शोभा का होता है।

उसका दायित्व राज्य सरकार की सहमति और सहयोग से लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक मूल्यों की पहरेदारी करना है। मगर उनकी नियुक्ति चूंकि केंद्र सरकार करती है, इसलिए जाहिर है कि दोनों के बीच अघोषित राजनीतिक स्वार्थ का सूत्र जुड़ा होता है। प्राय- जिन राज्यों में केंद्र के विपक्षी दलों की सरकारें होती हैं, उनमें राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच तनावपूर्ण रिश्ते देखे जाते हैं। इससे पहले भी केंद्र के इशारे पर कई बार राज्यपाल राज्य की सरकारों को अपदस्थ कर चुके हैं। मगर बीते कुछ सालों में राज्यपाल जानबूझ कर सरकारों के कामकाज में बाधा डालने का प्रयास करते देखे जा रहे हैं। दिल्ली इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहां उपराज्यपाल ने एक तरह से चुनी हुई सरकार के सारे अधिकार अपने हाथों में ले लिए हैं और सरकार का हर फैसला पलटते रहते हैं।

कुछ समय पहले तक पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच तो जुबानी जंग भी देखी जाती थी। राज्यपाल खुल कर दलगत बयान दिया करते थे। उनके वहां से हटने के बाद ही राज्य सरकार कुछ राहत की सांस ले सकी है। मगर पंजाब में भी वही रवैया दिखाई देता है। राज्यपाल और मान सरकार के बीच अक्सर ठनी रहती है।

यहां तक कि राज्यपाल ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की इजाजत नहीं दी, जिसके लिए सरकार को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा था। ऐसे टकराव तकरीबन हर राज्य में दिखाई देते हैं, जहां केंद्र के विपक्षी दलों की सरकारें हैं। इस तरह राज्यपालों ने अपने पद की गरिमा को ही गिराया है।

उनके और राज्य सरकार के बीच की सियासी तकरार के चलते आखिरकार वहां की जनता को खमियाजा भुगतना पड़ता है। अनेक विकास कार्य ठप पड़ जाते हैं। जो काम संवैधानिक मर्यादा में होने चाहिए, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय को फटकार लगानी पड़े, तो यह लोकतंत्र के लिए अफसोस का विषय है।

# मिलावटख़ोरी देश के लिये कलंक



निर्मल रानी

वैसे तो जब भी भारत में मनाये जाने वाले प्रमुख त्यौहार क़रीब आते हैं उस समय खाद्य सामग्री विशेषकर दूध,घी,पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की ख़बरें सुर्ख़ियां बटोरने लगती हैं। परन्तु सच पूछिये तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्ज़ियों से लेकर फल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्ज़ियों की सिंचाई के लिये औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त ज़हरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग ज़हर पी रहे हैं। यदि इन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो एक अनुमान के अनुसार 2025 तक देश की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की गिरफ़्त में होगी। ज़रा सोचिये कि जिस देश में दूध के उत्पादन से लगभग चार गुना ज़्यादा प्रतिदिन दूध की खपत होती हो वहां शुद्ध दूध का प्रश्न ही कहाँ रह जाता है। होली दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान स्वास्थ्य व खाद्य विभाग की टीमें थोड़ी बहुत मुस्तैदी दिखाती हैं जिसके चलते कुछ नाममात्र लोग नक़ली दूध,खोया,घी,मक्खन,दही या मिठाइयां आदि बनाते हुए पकड़े जाते हैं। कोई नहीं जानता कि ज़हर बेचने वाले इन दुष्ट मिलावटख़ोरों का ज़हर खा पी कर कितने लोग जानलेवा बीमारियां ख़रीद बैठे और कितने मौत की आग़ोश में समा बैठे।




विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना,विश्वगुरु बनने की ललक,देश में धर्म व अध्यात्म के नाम का हिलोरें मारता हुआ समुद्र,पूरे देश में प्रवचन कर्ताओं की भीड़,बुलेट ट्रेन दौड़ने की तैयारी जैसी तमाम बातें उस समय नाचते हुये मोर द्वारा अपना पैर देख लेने के समान हो जाती हैं जब इसी विकासशील भारत में हम मिलावट का बाज़ार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं। मिलावट ख़ोर केवल दूध घी में ही मिलावट नहीं करते बल्कि यह आटा, बेसन, मसाले, कुट्टू का आटा, तेल, पनीर, मावा आदि सभी खाद्य सामग्री में मिलावट करते हैं। कैमरा मोबाईल के इस दौर में अब न तो यह सब केवल आशंकायें रह गयी हैं न ही अंदाज़े। बल्कि इसी मिलावटख़ोर नेटवर्क में ही काम करने वाला कोई शख़्स जब इस भ्रष्ट व मिलावटख़ोर व्यवस्था से किन्हीं भी कारणों से स्वयं को अलग करता है वही व्यक्ति काम छोड़ने से पहले चुपके से इस मिलावटख़ोरी प्रकरण की पूरी वीडिओ तैयार करता है और ख़ुद ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देता है। फिर चाहे वह सब्ज़ियों में ज़हरीले इंजेक्शन लगाकर रातोंरात सब्ज़ी का आकर व वज़न बढ़ाना हो या रासायनिक अथवा डिटर्जेंट दूध तैय्यार करना हो। नक़ली व ज़हरीली मिठाइयां बनाना हो। घोर गंदिगी के वातावरण में खाने पीने का सामान तैयार करना हो या खाद्य सामग्री तैयार करते समय उसमें सड़ी गली चीज़ों का प्रयोग हो। सब कुछ देश की जनता देखती रहती है। हद तो यह कि बाज़ारों में सरे आम चांदी और सोने का वर्क़ लगी मिठाईयां बेची जा रही हैं जिनमें न ही सोना है न ही चांदी बल्कि एल्युमीनियम जैसी घातक धातुओं को चांदी और सोने के वर्क़ के नाम पर पूरे देश में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

मिलावटख़ोरी रोकने वाले विभाग वैसे तो वर्ष भर निरंतर जांच पड़ताल करने व नमूने इकट्ठे करने के लिये गठित किये गए हैं।

परन्तु इन में मिलावटी मिठाइयों व खाद्य सामग्रियों की जांच पड़ताल में तेज़ी या विभागीय सक्रियता त्यौहारों से कुछ दिन पहले ही नज़र आती है। यही वजह है कि मिलावटख़ोरों के हौसले बुलंद रहते हैं और साल भर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के त्यौहारों के दौरान भी यह बाज़ नहीं आते। और इन्हीं त्योहारों के दिनों में वह मोटे नोट कमाते हैं। इस दौरान यदि खाद्य व स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मार कार्रवाई करती भी है और मिठाइयों या अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती भी है तो यह कार्रवाई एक लम्बी क़ानूनी प्रक्रिया से गुज़रती है। अगर मामला लेदेकर रफ़ा दफ़ा नहीं भी हुआ तो सेम्पल की लैब रिपोर्ट आने तक इंतज़ार करना पड़ता है। जबतक रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आती तब तक दुकानदार अपना संदिग्ध सामान बेच सकता है।

गोया फ़िलहाल तो इस तरह की छापामार कार्रवाई केवल ख़ानापूर्ति ही साबित होगी। और यदि सेम्पल फ़ेल हो जाता है और मिलावटख़ोरी साबित भी हो जाती है तो प्राय: इनपर 20 या 25 हज़ार रुपए जुर्माना हो जाता है। इस जुर्माने को मिलावटख़ोर आसानी से भरकर किसी कड़ी सज़ा से बच जाता है। नतीजतन मुंह में हराम के पैसे लग चुके ऐसे लोग पुन: मिलावट का काम करने में जुट जाते हैं।

दरअसल किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी का सीधा सा अर्थ है आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना। आम लोगों को धीमा ज़हर बेच कर ख़ुद तो पैसे कमाना और अपने ग्राहकों के लिये संगीन बीमारी यहाँ तक कि मौत की राह हमवार करना। यह अपराध की उस श्रेणी में नहीं आता जिसमें किसी प्रकार की क्षमा की गुंजाइश हो। यह मिलावटख़ोरों और ज़हर परोसने वालों द्वारा किया जाने वाला ग़ैर इरादतन अपराध का मामला नहीं बल्कि पूरी तरह से सोच समझकर नियोजित तरीक़े से किया जाने वाला अक्षम्य अपराध है।

और पकड़े जाने के बावजूद आरोपियों का लेदेकर या जुर्माना भरकर बच निकलना ही पूरे देश में मिलावटख़ोरी के दिनोंदिन बढ़ते जा रहे नेटवर्क को प्रोत्साहित करने का सबसे बड़ा कारण है। इन्हीं की वजह से अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। समय पूर्व लोगों की जान जा रही है। ऊँचे रुसूख़ रखने वाले स्वामियों की बड़ी से बड़ी नामी ग्रामी कंपनियां जिनके सैम्पल फ़ेल होने की बार बार ख़बरें आती रहती हैं उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। और इन अपराधियों के बुलंद हौसलों से %प्रेरित% होकर पूरे देश में केवल खाद्य सामग्री ही नहीं बल्कि जीवन रक्षक दवाइयां तक नक़ली व मिलावटी बिकने लगी हैं। इस नेटवर्क से जुड़े लोगों को जुर्माने नहीं बल्कि कठोर दंड की ज़रुरत है।

पेशेवर मिलावटख़ोर साबित होने पर तो ऐसे लोगों को फांसी की सज़ा तक मिलनी चाहिये। अन्यथा इनके घरों पर बुलडोज़र चलना चाहिये ,इनकी सम्पत्तियाँ ज़ब्त की जानी चाहिये।

इतना ही नहीं बल्कि जिस इलाक़े में ऐसे अपराधी रहते हों उस इलाक़े में इनका पूर्ण सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिये। मुफ़्तख़ोरी करने वाले ऐसे लोग केवल लोगों की जान से ही खिलवाड़ नहीं करते बल्कि इनकी वजह से पूरी दुनिया में भारत की बदनामी भी होती है। सीधे शब्दों में मिलावटख़ोरी देश के लिये एक कलंक साबित हो रही है।

# विषम परिस्थितियां जीवन की बड़ी परीक्षक

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए ।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैद्य

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए।

मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है।

## चलो थोडा मुस्कुराते है।।

चलो थोडा मुस्कुराते है
इस दवा को आजमाते है.

कठिनाई में खिलखिलाते है,
मुसीबत में भी मुस्कुराते हैं।

जिसकी आदत है मुस्कुराना,
वो ही ज़माने को झुकाते है।

मायुसी विषाद की जड़ होती है,
उदासी को मुस्कुराहट से मिटाते है।

मुस्कुराना औषधि है बेहतरीन,
चलो दवा को भी आजमाते है।

खरीदी न बेचीं जाती मुस्कुराहट,
अनमोल है ये चलो मुस्कुराते है।

बेहतरी के नाम मुस्कुराते है,
सुनहरे कल के लिए मुस्कुरातें है।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने समावेशी व्यापार का महत्वपूर्ण योगदान



भारत को दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था त्वरित बनाने समावेशी व्यापार को बढ़ावा देना होगा

विकसित भारत के लक्ष को प्राप्त करने समावेशी व्यापार की चुनौतियों का समाधान, केंद्र व राज्य सरकारों को मिलकर देना ज़रूरी - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से ऐसे नकारात्मक कारक जैसे कोविड-19, रूस यूक्रेन युद्ध इजराइल हमास युद्ध जैसे अनेकों कारक हर साल आ रहे हैं जिससे दुनियां के व्यापार उद्योग क्षेत्र में मंदी का दौर चल पड़ा है। अनेक विकसित राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाएं कुछ ठीक नहीं चल रही है जिसका सापेक्ष उदाहरण अमेरिका ब्रिटेन जैसे कुछ देश हम देख सकते हैं, परंतु भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था इससे कहीं अधिक ठीक चल रही है, इसीलिए ही भारी कोविड परिस्थितियों में भी ब्रिटेन को पछाड़कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना जो अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। परंतु नीति निर्धारकों को इस बात को रेखांकित करना जरूरी है कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का महत्वपूर्ण पहिया या कारक भारतीय व्यापार उद्योग क्षेत्र है जिनकी पैठ देशी विदेशी व अंतराष्ट्रीयस्तर पर मजबूती से बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र को समावेशी व्यापार के रूप में तेजी से विकसित करना होगा और व्यापार व्यवसाय उद्योग को आने वाली कठिनाइयों चुनौतियों शासकीय कठोरता का समाधान करना होगा क्योंकि व्यापार व्यवसाय उद्योग क्षेत्र भी विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की सीढ़ीपर चढ़ने के मुख्य पाहियों में से एक है।

जैसे कि जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके और हर व्यापारी उद्योगपति भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और विकसित राष्ट्र की उपाधि दिलाने में का संकल्प कर माननीय पीएम के आह्वान आत्मनिर्भर भारत को साकार कर भारतीय उपयोगकर्ताओं पर इस विचार की तेजी से पैठ के लिए लोकल का लोकल की थीम पर आगे बढ़े ।परंतु अगर यह क्षेत्र अपनी समस्याओं में ही उलझा रहा तो देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देरी होगी। हमने देखा है कि अनेक राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अपने-अपने क्षेत्र के मंत्रियों प्रशासकीयअधिकारियों से मिलकर समस्याए बताते हैं। हमारी गोंदिया नगरी में भी जिला व्यापारी संगठन अपनी असुविधाओं समस्याओं के समाधान के लिए अभी हाल ही में कुछ दिनों पूर्व प्रशासन व सांसद से मिला था ।मेरा मानना है कि इस वर्ग कीसमस्याओं के समाधानमें सरकारों को प्राथमिकता देना समय की मांग है, क्योंकि विजन 2047 और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनाना है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विकसित राष्ट्र भारत के लक्षों को प्राप्त करने समावेशी व्यापार की चुनौतियों कासमाधान केंद्र व राज्य सरकारों को देना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम इसी उपरोक्त विषय से संबंधित दिनांक 7 नवंबर 2023 को नीति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला की करें तो, विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार पर एक विषयगत कार्यशाला काआयोजन किया, जिसमें विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्रों में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के परिणामों की घरेलू पहुंच, स्वामित्व और कार्यान्वयन को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस विषयगत कार्यशाला का आयोजन भारत की जी-20 अध्यक्षता वाले शिखर सम्मेलन के तहत नई दिल्ली लीडर्स घोषणा (एनडीएलडी) की अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में किया गया था। इसमें सभी के विकास और समृद्धि के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित तथा समावेशी व्यापार को अपनाने पर जोर दिया गया था। नीति आयोग के माननीय सदस्या ने मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन शीर्षक वाले पहले सत्र को संबोधित किया करते हुए श्रम-गहन आपूर्ति श्रृंखलाओं, नीति निर्धारण के लिए संस्थागत कारकों और कराधान प्रणाली को सरल बनाने तथा एमएसएमई के लिए एककृत भुगतान, रिफंड और निर्यात ऋण प्रणाली को विशेष रूप से मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विभिन्न एंटी-डंपिंग मुद्दों से निपटने तथा संभावित भागीदारों के साथ एफटीए को बढ़ावा देने की जरूरत को भीरेखांकित किया ।मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन पर अयोजित सत्र में कुशल आपूर्ति श्रृंखला के लिए लॉजिस्टिक्स को मजबूत बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए विनिमय दर प्रबंधन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के रणनीतिक उपायों का उपयोग, उत्पत्ति के संचयी नियमों का प्रावधान, संभावित प्रतिस्पर्धी खंडों की पहचान, पारदर्शी और पता लगाने योग्य जीवीसी,स्?टार्टअप औरऔद्योगिक नीति को ?यापार नीति के साथ एकीकृत करने जैसे विषयों पर ?यान केंद्रित किया गया ।नीति आयोग के सीईओ ने अपने मुख्य भाषण में एक भेदभाव रहित और समावेशी व्यापार प्रणाली की जरूरत पर प्रकाश डाला, जो विकास और समृद्धि के इंजन के रूप में व्यापार को सुविधाजनक बनाती है।

इसके अलावा, उन्होंने भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के साथ एकीकृत और उभरती व्यापार प्रणालियों को तेजी से अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विकास के लिए समावेशी व्यापार को बढ़ावा देना विषय पर आयोजित दूसरे सत्र की अध्यक्षता नीति आयोग के माननीय सदस्य ने की।

इस सत्र में जिन मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया, उनमें एलडीसी की क्षमता और बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करना;गैर टैरिफ बाधाओं को कम करना; विशेष रूप से विकासशील और अल्प विकसित देशों में एमएसएमई के लिए व्यापार हेतु सहायता बढ़ाने के लिए संसाधन जुटाना ; बुनियादी ढांचे, कौशल और डेटा स्वामित्व जैसे तीन क्षेत्रों में डिजिटल समावेशन; मानक सेटिंग; तकनीकी प्रगति; पारदर्शिता; और व्यापार प्रणालियों में जलवायु सिद्धांतों का समावेश शामिल हैं ।इस कार्यशाला के समापन सत्र %समावेशी व्यापार की चुनौतियों का समाधान% की अध्यक्षता डब्ल्यूटीओ के पूर्व डीडीजी ने की। उन्होंने भारत के पारंपरिक निर्यात को बढ़ाने, व्यापार में महिला श्रम शक्ति की भागीदारी बढ़ाने; आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार में राज्य/जिला स्तरीय एकीकरण (जिलों को निर्यात केंद्र के रूप में बढ़ावा देना); एमएसएमई के जीवीसी में एकीकरण को सुविधाजनक बनाना; लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सहायता; एमएसएमई के लिए सूचना तक पहुंच; पोषक अनाजों को बढ़ावा देने और सेवाओं के निर्यात में तेजी लाने के साथ जलवायु लचीली कृषि; व्यापार के संबंध में दस्तावेज़ों का डिजिटलीकरण और रीस्किलिंग तथा अपस्किलिंग सहित केंद्रित कौशल विकास पर ध्यान केन्दित करते हुए उन्हें मजबूत प्रदान करने के बारे में ध्यान आकर्षित किया।

नीति आयोग नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के प्रमुख एजेंडों पर विषयगत कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन कर रहा है।

नई दिल्ली
गुरुवार 09 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### 8 साल के बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या

**बिलासपुर, रामपुर।** रामपुर में 3 दिन पहले अपने ननिहाल से अचानक लापता हुए 8 साल के मासूम बच्चे की कुकर्म के बाद ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। पड़ोस में रहने वाले आरोपी युवक ने बच्चे से दरिंदगी की, फिर पकड़ जाने के डर से उसकी हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस को एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज हाथ लगी जिसमें आरोपी बच्चे साथ में ले जाता नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला बिलासपुर की रूद्र-बिलासपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस के मुताबिक, बिहार के जिला मुजफ्फरनगर थाना कटरा के सिदासपुर निवासी युवक पानीपत में पल्लेदारी करता है। मंगलवार को देर रात कोतवाली में उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 दिन पहले उनका बेटा मां के साथ अपने ननिहाल बिलासपुर आया था। 4 नवंबर की शाम को वह घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह अचानक कहीं लापता हो गया। बच्चे की मां ने बताया, देर शाम तक बेटे के घर न लौटने पर हम लोगों ने उसे ढूंढ़ा। इसके बाद उसकी खोजबीन में जुट गए। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो उसके हाथ गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लगी। जिसमें आरोपी शिवा (21) निवासी ग्राम टैहरा थाना पलिया जिला लखीमपुर खीरी बच्चे को साथ में ले जाता नजर आया।

### 5 हजार की रिश्वत ले रहा काननूगो गिरफ्तार

सुलतानपुर। सुलतानपुर में गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक को 5 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। मामला जमीन पैमाइश से जुड़ा है। टीम आरोपी कानूनगो को कुड़वार थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी कुड़वार ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। कुड़वार थाना क्षेत्र के सोहगौली ग्रामसभा के धरमंगल गांव में पैमाइश के लिए राजस्व निरीक्षक त्रिलोकी नाथ मिश्रा 10 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। किसान ने पांच हजार रुपए दिए, लेकिन कानूनगो 10 हजार पर अड़े रहे। पीड़ित ने दे पाने में असमर्थता जताई। उसने विनती किया, लेकिन कानूनगो माने नहीं। जिससे परेशान होकर उसने एंटी करप्शन हेल्पलाइन पर फोन कर मदद मांगी। टीम ने साक्ष्य जुटाए और जब सूचना सही मिली तो प्रभारी राय साहब द्विवेदी तथा मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मोहित कुमार ने कुड़वार कस्बा स्थित चाय की दुकान से आरोपी कानूनगो और उसके प्राइवेट आदमी कुलदीप तिवारी को धर दबोचा। एंटी करप्शन प्रभारी अयोध्या राय साहब द्विवेदी ने बताया कि कुड़वार थाना में आरोपी को दाखिला कराया जा रहा है। शीघ्र ही विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया जाएगा।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा-वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के लिए कॉरिडोर निर्माण के मामले में बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मथुरा के अनंत शर्मा व अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर निर्माण मामले में मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान एक नया मोड़ आया जब सेवायतों की ओर से कहा गया, सरकार उन्हें भूमि उपलब्ध करा दें। वे बांके बिहारी जी के लिए नया मंदिर बनवाकर शिफ्ट कर लेंगे। हालांकि, यूपी सरकार की ओर से इस पर आपत्ति उठाई गई। कहा गया कि किसी भी हालत में मंदिर को शिफ्ट नहीं किया जा सकता है। याचिका की सुनवाई जारी है। इसी के बाद बुधवार को सुनवाई हुई। अनंत शर्मा, मधुमंगल दास व अन्य की जनहित याचिकाओं की सुनवाई चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंड पीठ कर रही है। याची अधिवक्ता श्रेया गुप्ता ने सिविल कोर्ट द्वारा बांके बिहारी मंदिर को लेकर पारित डिग्री को वापस लेने की मांग उठाई ।

### सोनभद्र में सीडीओ ने कलक्ट्रेट में की बैठक

सोनभद्र। समाज कल्याण विभाग और अल्प संख्यक कल्याण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति ऑनलाइन योजना के सफल बनाने के लिए शासकीय, अर्धशासकीय, मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्राधानाचार्यों के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने विद्यालयों के प्राचार्य/प्राधानाचार्यगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ससमय छात्रों के आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए, जिससे की हर पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र भरते समय यदि आय प्रमाण जाति प्रमाण पत्र बनवाने में किसी प्रकार की असुविधा हो तो वह अपने नजदीकी जन सुविधा केन्द्र पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करके अपना जाति आय प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इसके लिए ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायक को भी आईडी पासवर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पंचायत सहायक के माध्यम से भी आय, जाति निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है।

### अम्बेडकरनगर में किसानों ने किया हाईवे जाम

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में आवासीय दर पर मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग 232 टांडा बांदा हाईवे को जाम कर दिया। किसानों के जाम से सड़क पर गाड़ियों की भीड़ लग गई है। किसानों की जाम की सूचना पर बड़ी संख्या पर पुलिस बल मौके पर मौजूद है। वही धरना दे रहे किसान जिलाधिकारी से वार्ता करने की मांग कर रहे है। एनएच-233 पर फतेह जहूरपुर के पास भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसान लंबे समय से धरना दे रहे हैं। किसानों का आरोप है कि एनएच निर्माण में मुआवजा भुगतान में मनमानी की गई है। किसानों को आवासीय दर पर मुआवजे का भुगतान नहीं दिया जा रहा है। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। धरना दे रहे किसानों के सब्र का बांध आज टूट गया और किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 232 टांडा बांदा हाइबे को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों का लम्बा जाम लग गया। किसानों ने मांग रखी कि मौके पर डीएम को बुलाया जाए। किसानों की समस्या का निस्तारण करने के आश्वासन पर ही धरना समाप्त होगा। किसानों के जाम को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल और टांडा एसडीएम मौके पर मौजूद है।

### बलरामपुर में डीएम ने की समीक्षा

बलरामपुर। बलरामपुर में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और त्योहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए पुख्ता इंतजाम को लेकर बैठक जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार देर शाम संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सहित जिले के तमाम आलाधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी द्वारा सर्किलवार एवं थानावर क्षेत्राधिकार एवं थानाध्यक्षों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली एवं धनतेरस का त्योहार खरीददारी एवं खुशियों का त्योहार है। इस दौरान मार्केट एवं बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी हेतु इकट्ठा होते हैं। इस दौरान स्नैचिंग या महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं न हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए। इंटेलीजेंस के माध्यम से इस दौरान संगठनात्मक रूप से स्नैचिंग आदि की घटनाओं को कारित करने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाए। बाजारों में सीसीटीवी कैमरा हो एवं चलित अवस्था में हो यह सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की बाजारों में भीड़भाड़ के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करते हुए यातायात व्यवस्था चाक चौबंद हो यह सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने पटाखे की दुकानें आबादी क्षेत्र से दूर और अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता हो यह सभी एसडीएम एवं क्षेत्राधिकार सुनिश्चित कर लें।

# अयोध्या में केवल राममंदिर ही नहीं देशभर के मंदिरों के होंगे दर्शन

## भारत के सभी बड़े प्राचीन मंदिरों की पुण्यगाथा बताएगा अयोध्या का मंदिर संग्रहालय

**लखनऊ ।** श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को पांच शताब्दी बाद भगवान श्रीराम अपने नव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश ही नहीं दुनियाभर में फैले करोड़ों सनातनियों की आस्था भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी है। माना जा रहा है कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। आस्थावान अपने प्रभु श्रीराम के मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या को सर्वसुविधायुक्त शहर के रूप में डेवलप कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अयोध्या में मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर भी कवायद तेज हो गई है। इस संग्रहालय के आकार लेते ही अयोध्या में केवल श्रीराम का भव्य



मंदिर ही आस्थावानों के केंद्र में नही होंगा, बल्कि मंदिर संग्रहालय के जरिए भारत के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे।

### मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा निर्माण


सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान मोदी-योगी सरकार में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। सरयू किनारे तकरीबन 50 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। इस भव्य मंदिर संग्रहालय का निर्माण देश की मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा। हाल ही में सुमाया और उनकी टीम ने सरयू तट पर जमथरा में चिह्नित तीन स्थलों और रामपुर हलवारा में चिह्नित एक स्थल का जायजा लिया है। इन चिह्नित स्थलों में से एक स्थल का चयन मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए किया जाएगा। भारतीय मंदिरों का महात्म्य और उनकी शानदार वास्तुकला को दर्शाने वाले इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इनके जरिए सनातन संस्कृति के महत्व से दुनिया खासकर युवाओं को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उनके निर्माण के पीछे का दर्शन क्या रहा, इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। इसमें प्राचीन भारत की टेक्नोलॉजी के साथ ही पूजा-पद्धति और उनके महत्व को सामने लाया जाएगा। मंदिरों साथ ही विकसित हुए प्राचीन भारतीय शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं, मंदिरों की उत्कृष्ट वास्तुशैलियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रहालय के जरिए भारतीय मंदिरों की बेमिसाल स्थापत्य विरासत से दुनिया को परिचित कराया जाएगा।

### 51 घाटों पर दीपों को सजाने का कार्य शुरू

अयोध्या। दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए जय श्रीराम के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चैधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए जायेंगे। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25 हजार से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुन: विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। देर शाम तक सभी घाटों पर वालंटियर्स द्वारा 60 से 70 प्रतिशत दीपो को पर्यवेक्षकों, घाट प्रभारी, घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया गया। विवि प्रशासन द्वारा दीपोत्सव को आलौकिक बनाने के लिए समस्त समन्वयकों व वालंटियर्स को दीयों, बाती, कैंडल एवं अन्य सामग्री का निर्धारण सुनिश्चित किया जा चुका है। दीपोत्सव से संबंधित जिम्मेदारियों का निवर्हन करने वाले पदाधिकारियों का प्रवेश ही दीपोत्सव स्थल पर अनुमन्य होगा। विवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए पहचान-पत्र के साथ ही दीपोत्सव स्थल पर वालंटियर्स एवं अन्य का प्रवेश होगा। वालंटियर्स द्वारा दीयों को प्रज्वलित करने के लिए 2.5 फीट का तथा 16 गुणे 16 दीयों (256) के ब्लाक के लिए 4.50 गुणे 4.50 वर्ग फीट का स्पेस निर्धारित किया गया है। इसी तरह 14 गुणे 14 का भी ब्लाक बनाया गया है।

# मुख्तार के छोटे पुत्र उमर अंसारी ने किया आत्मसमर्पण, कोर्ट ने दी जमानत

**मऊ ।** चुनाव आचार संहिता के तीन अलग-अलग मामलों में नामजद मुख्तार अंसारी के छोटे पुत्र व विधायक अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी ने बुधवार को विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया।



तीनों मामलों में उमर अंसारी के विरुद्ध कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी था। एसीजेएम ने उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया है। जिन्हें सुनवाई के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी ने जमानत दे दिया। पहले मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/ 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया।

आरोप था कि तीन मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी। पुलिस ने विवेचना मे मामले में धारा 506, 171 एफ,186,189,153 ए, 120 बी भादवि मे सदर विधायक अब्बास अंसारी व उनके भाई उमर अंसारी, इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुपुर मुहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है। मामले में आरोपी उमर अंसारी की पत्रावली अलग कर दी गई है। वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे, उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी था। दूसरे मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई राजेश कुमार वर्मा की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप है कि 27 फरवरी 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने बिना अनुमति के राजाराम पुरा से लेकर भरहु का पूरा तक रोड शो निकाला। जिसमें 5-6 गाड़ियां तथा 100-150 लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी।

### कानपुर देहात में युवती ने लगाया युवक पर आरोप

कानपुर देहात। कानपुर देहात में युवती से शादी का झांसा देकर एक युवक दुष्कर्म करता रहा और फिर युवती को अपनी बातों में फंसा कर 75 हजार रुपये भी ले लिए। वहीं जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह शादी करने से इनकार करने लगा। वहीं मूसानगर थाने की पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूसानगर में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि रूरा चिलौली का राहुल यहां गांव में अपने मामा के यहां रहता था। इसके चलते उससे जान पहचान थी। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने युवती से 75 हजार रुपये भी ले लिए और शादी करने की बात को लेकर कोई भी साफ जवाब देने से इनकार करता रहा। इस दौरान युवती परेशान होकर उसके घर पहुंच गई तो उसकी मां और पिता ने शादी करने से मना कर दिया। उसको धमकाते हुए घर से निकाल दिया।

# मथुरा में पुलिस मुठभेड़ में 11 बदमाश गिरफ्तार

मथुरा ।प्रदेश में फिरोजाबाद की एसओजी टीम, मथुरा की स्वाट टीम और वृन्दावन पुलिस की संयुक्त रूप से हत्यारों के एक गैंग से मंगलवार को आधी रात बाद पानी घाट क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद 11 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में चार बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हुए हैं जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि लम्बे समय से वृन्दावन के किशोरी कुंज के विवाद में आश्रम के महन्त स्वामी राज के बेटे केशवदास की मथुरा की सीजेएम की अदालत में एक अपराधिक मामले में पेशी थी जिसमें उसे बिहार की पुलिस लेकर आई थी। केशवदास अपने पिता की हत्या कराने के लिए अपने साथ कुछ लोगों को भी लाया था।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पानीगांव खादर के पास मुठभेड़ के बाद उस समय गिरफ्तार किया गया



जब वे आश्रम के महन्त की हत्या को अंजाम देने से पहले खानपान कर रहे थे। इस मुठभेड में चार बदमाशों के पैर में गोली लगी है जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी पहचान विपिन निवासी राया, टीटू, अजय एवं राज सिकरवार सभी निवासी टूंडला के रूप में हुई है। टीटू पर आठ मुकदमें चल रहे हैं। अन्य अपराधियों में चार बिहार के तथा तीन उत्तर प्रदेश के निवासी है। पुलिस ने इनके कब्जे से पुलिस का लोगो लगी एक कार, चार अवैध शस्त्र, भारी मात्रा में जिन्दा एवं खोखा कारतूस, लोहे की सरिया, रस्सी, कुछ नगद एवं मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं।

### बुलंदशहर में तीन करोड़ की अफीम बरामद

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर की अरनियां पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने मंगलवार रात चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से तीन किलो 39 ग्रामी अफीम और करीब एक लाख रूपये की नगदी बरामद की है।इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मादक पदार्थ की कीमत करीब तीन करोड रुपए आकी गई है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बजरंगबली चौरसिया ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक सूचना के आधार पर ग्राम पहावटी के रास्ते पर चेकिंग शुरू की गयी थी कि रात्रि तीन बजे अलीगढ़ की ओर से एक लग्जरी कार आती दिखाई दी पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और तीन किलो किलो 39 ग्राम प्रतिबंधित अफीम बरामद कर ली। पुलिस ने कार में बैठे दो लोगों को गिरफतार कर लिया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम नन्हेलाल निवासी ग्राम सल्लननगर जिला बदायूं और सादाब आजाद निवासी गालिब कालोनी निकट उमर निवासी लातेहार झारखंड बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों को धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। तस्करों ने बताया कि वे झारखंड से तस्करी कर अफीम को लाते है तथा अलग अलग राज्यो में स्कूल, कॉलेज, ट्रक ड्राईवर व बडे बडे संस्थानो के पास थोडी थोडी मात्रा में महंगे दामो में बेचकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर लेते हैं।

# शव को बाइक से ले जाने के मामले में अधीक्षक को हटाया

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में बहन के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बाइक से घर ले जाने का वायरल वीडियो के मामले में सीएचसी अधीक्षक को हटा दिया गया है।

स्वास्थ्य केंद्र के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीएचसी अधीक्षक व संबंधित डॉक्टरों को तत्काल वहां से हटाए जाने के आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए हैं। साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी को मरीजों के लिए एंबुलेंस सुविधा की सुनिश्चितता करने के लिये आदेश दिए गए हैं, जिसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार वर्मा ने तत्काल प्रभाव से चिकित्सा



अधीक्षक अविचल पाण्डेय को हटा दिया है। साथ ही चिकित्सक डाक्टर कृपाराम व अधीक्षक डाक्टर अविचल पाण्डेय को उनके असंवेदनशील एवं कर्तव्यों का निर्वहन न करने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा बिधूना के मोहल्ला नवीन बस्ती पूर्वी निवासी प्रवल प्रताप सिंह की पुत्री अंजलि (20) मंगलवार को करंट लगने से झुलस गयी थी। उसका भाई आयुष और बड़ी बहन शिल्पी बाइक से उसे लेकर सीएचसी बिधूना पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया है। साथ ही शव ले जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला तो भाई बहन को शव बाइक पर रखकर उसे चुन्नी से अपनी कमर में बांध कर दूसरी बहन के सहयोग से घर ले गया। इस दौरान लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया।

बहन शिल्पी का कहना है कि उन लोगों ने अस्पताल में वाहन की मांग नहीं की थी। जैसे ही डॉक्टर ने मृत घोषित किया। वैसे ही उसे बाइक से लेकर घर आ गए थे। आज अंजलि का अंतिम संस्कार कन्नौज के गंगा घाट पर होने गया है।

अधीक्षक डाक्टर अविचल पाण्डेय ने बताया कि कल आकस्मिक कक्ष में मरीज आया था,जिसे अस्पताल में मृत घोषित किया गया था।

जिसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और बिना कुछ बताए शव को लेकर घर चले गये। शव को बाइक से ले जाने की जानकारी उन्हें भी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई है।

उन्होने कहा कि परिजन द्वारा न तो आकस्मिक कक्ष और न ही उनसे वाहन की मांग गयी थी।

# क्लास में टीचर ने छात्रा से की गंदी हरकत

## कॉपी देखने के बहाने रोका, जबरन हाथ पकड़ा; विरोध पर कहा-जिंदगी बर्बाद कर दूंगा

मथुरा। मथुरा में एक टीचर ने 9वीं की छात्रा के साथ क्लास में गंदी हरकत की। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि टीचर क्लास में छात्रा को दौड़कर पकड़ रहा है। जोर जबरदस्ती कर रहा है। छात्रा टीचर का हाथ झटक कर बचने की कोशिश कर रही है। विरोध करने पर टीचर ने छात्रा को धमकी दी। कहा- किसी को बताया तो तेजाब डालकर जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

कोसी थाना क्षेत्र के फालैन गांव में एक दलित परिवार रहता है। उसकी दो बेटियां इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया, सोमवार



को 9वीं में पढ़ने वाली बड़ी बेटी स्कूल गई थी। दूसरी बेटी की तबीयत खराब होने की वजह से वह स्कूल नहीं गई। स्कूल में हिंदी और एसएसटी पढ़ाने वाले टीचर गोविंद ने क्लास पूरी होने के बाद छात्राओं को छुट्टी कर दी। पीड़ित छात्रा बाहर निकली तो उसे हिंदी की कॉपी दिखाने के बहाने से टीचर गोविंद ने रोक लिया। इसके बाद अश्लील हरकत करने लगे। लड़की ने विरोध किया तो तेजाब डालकर जिदंगी बर्बाद करने की धमकी दी।

मंगलवार को पीड़िता ने स्कूल जाने से मना कर दिया। इस पर मां से स्कूल न जाने का कारण पूछा। पहले तो छात्रा आनाकानी करने लगी। इसके बाद मां ने बेटी के स्कूल न जाने की जानकारी पिता को दी।

पिता ने डांटकर स्कूल न जाने की वजह पूछी। डरी सहमी छात्रा ने बताया कि क्लास में गोविंद सर गंदी बात और अश्लील हरकत करते हैं। इसके बाद पिता ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल से शिकायत की।

प्रिंसिपल ने सीसीटीवी चेक किया। इसमें टीचर के अश्लीलता करने की हरकत दिखाई पड़ी।

### शाहजहांपुर में एक करोड़ की चरस बरामद

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर की खुटार पुलिस और एसओजी टीम ने बुधवार को मादक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आठ किलो 700 ग्राम चरस बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार वाजपेई ने बताया कि खुटार पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाबा चौराहा मैलानी रोड से रीजन निवासी ग्राम बुर्तीबांग जिला बागलुई नेपाल को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से कुल आठ किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की कीमत एक करोड़ रूपये से ज्यादा बतायी जा रही है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा शर्मनाक : अखिलेश

लखनऊ ।समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा शर्मनाक है। ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री से लेकर पूरा स्वास्थ्य विभाग संवदेनशून्य हो गया है।

यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से मरीज तड़प-तड़पकर मर रहे है। उनके इलाज की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जब कोई वीआईपी चिकित्सकों की उपेक्षा का शिकार बनता है तब अफसर उसकी जांच बैठाने का बहाना कर मामले को रफादफा कर देते हैं। हमीरपुर में फोन करने पर भी एम्बूलेंस नहीं मिली तो परिजन ठेले पर मरीज को ले जाने पर मजबूर हो गए। व्हीलचेयर न मिलने पर पिता अपनी पीठ पर पुत्र को लादकर ले जाता है। औरैया के विधूना में सीएचसी के बाहर भाई बहन के शव को पीठ में बांधकर बाइक से घर ले जाने का दृश्य विचलित करने वाला है।

उन्होने कहा कि इन दिनों अस्पतालों में डेंगू बुखार के मरीजों की लाइनें लगी है। इन्हें न तो समय से इलाज मिल रहा है और नहीं दवाइयां। डॉक्टर जांच पर जांच कराने को कह रहे है। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने का खेल शुरू है।

### नदी में मिली अज्ञात महिला की लाश

रायबरेली। रायबरेली की नदी में उतराता अज्ञात महिला का शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस के ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात महिला के शव की पहचान की पड़ताल के लिए सोशल मीडिया का पुलिस सहारा ले रही है। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बेटाकला गांव के पास से होकर गुजर रही नदी का है। जहां पर नदी के ऊपर बने पुल के नीचे एक महिला का शव उतराता हुआ देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव में दी और देखते ही देखते पूरा गांव मौके पर मौजूद हो गया।

# चेकिंग में रोका तो इंस्पेक्टर के सीने पर मारी गोली

## एनकाउंटर में बदमाश के पैर में लगी बुलेट; चार दिन पहले मंत्री के नाती पर किया था फायर

झांसी। झांसी में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) के नाती को गोली मारने वाले आरोपी का बुधवार को पुलिस से मुठभेड़ हो गया। पुलिस को देखते ही बदमाश ने इंस्पेक्टर के सीने पर गोली मारी। लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने से जान बच गई। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है। वहीं उसका दूसरा साथी डर की वजह से सरेंडर कर दिया। घायल बदमाश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया, 4 नवंबर की रात को सूजे खां खिड़की अंदर मोहल्ला निवासी मंत्री के नाती एडवोकेट प्रवीण कोरी (34) को गोली मारी गई थी। गोली जबड़े से आर-पार होने से प्रवीण घायल हो गया था। मामले में मोहल्ले के भरत यादव और मेरी गांव निवासी शिवम अहिरवार उर्फ शिवा के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। 4 दिन से कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम दोनों की तलाश कर रही थी।

## शार्ट न्यूज

### पाकिस्तान ने दो चीनी बैंकों से मांगा 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान इन दिनों राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों मोर्चों पर बदहाली का शिकार है। इस बीच, एक बड़ी खबर सामने आई है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को लेकर कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पड़ोसी देश ने वित्तपोषण अंतर को पाटने के लिए दो चीनी बैंकों से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नया ऋण मांगा है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने यह ऋण तब मांगा है जब वह तीन अरब अमेरिकी डॉलर के बेलआउट पैकेज की दूसरी किश्त जारी करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संघीय सरकार कुल 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण के लिए इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ चाइना के साथ बातचीत कर रही है। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक बैंक से 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के लिए संपर्क किया गया है। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बैंकों से बातचीत अंतिम चरण में है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने तक कर्ज मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस ऋण को लेकर जब वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता कमर अब्बासी से सवालों किए गए तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अब्बासी ने इस सवाल का भी जवाब नहीं दिया कि क्या पाकिस्तान ने चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेन एक्सचेंज (एसएएफई) से एक और ऋण मांगा है।

### लंबित एयर टिकट रिफंड नवंबर के तीसरे सप्ताह तक जारी करें ट्रैवल पोर्टल

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल्स को निर्देश दिया कि वे कोरोना वायरस लॉकडाउन अवधि के दौरान हवाई टिकट बुकिंग से संबंधित लंबित रिफंड को नवंबर के तीसरे सप्ताह तक जारी करें। कोरोनावायरस महामारी के कारण 25 मार्च 2020 से शुरू होने वाला देशव्यापी लॉकडाउन अलग-अलग अवधि के लिए था और दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं को भी एक निश्चित अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर्स के साथ एक बैठक की, जिसमें ट्रैवल सेक्टर में उपभोक्ता हितों की अनदेखी के मुद्दों पर चर्चा की गई। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोविड-19 लॉकडाउन अवधि के दौरान बुक किए गए टिकटों की राशि वापस नहीं किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि ट्रैवल एग्रीगेटर्स को नवंबर के तीसरे सप्ताह के अंत तक कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रभावित लंबित रिफंड का वितरण करने के लिए कहा गया है। बयान के अनुसार रिफंड के अलावा उपभोक्ता शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए लोकपाल की स्थापना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### '2026 तक भारत का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के करीब बना रहेगा'

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल शोधकर्ताओं ने बुधवार को बताया कि भारत सरकार वित्त वर्ष 2026 तक अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के करीब बनी रहेगी। शोधकर्ताओं ने कहा कि मुफ्त खाद्यान्न योजना की घोषणा के विस्तार और अगले साल होने वाले आम चुनावों के कारण इस तरह की और अधिक व्ययों की संभावना के बावजूद अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के करीब रहेगी। एशिया पैसिफिक क्रेडिट आउटलुक 2024 के लॉन्च पर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के एशिया पैसिफिक सॉवरेन रेटिंग्स के निदेशक एंड्रयू वुड ने कहा, जैसे-जैसे हम चुनाव के करीब जा रहे हैं, अधिक व्यय की पहल संभव है। निकट भविष्य में ये उपभोग के अनुकूल हो सकते हैं, लेकिन मध्यम अवधि के वित्त पर इनका बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते महामारी के दौरान शुरू की गई मुफ्त खाद्यान्न योजना को अगले पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। वुड ने कहा, सरकार अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के काफी करीब रह सकती है। खासकर वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे के रास्ते पर रहने की संभावना है, ऐसा खाद्य योजना विस्तार के बाद भी संभव है। यह जीडीपी के लगभग 0.7 फीसदी के करीब रह सकती है।

### चीन के पेशेवरों के लिए वीजा प्रक्रिया को किया जाएगा सुव्यवस्थित, मानक संचालन प्रक्रिया तैयार

नई दिल्ली। सरकार ने चीन के उन पेशेवरों के लिए वीजा मंजूरी को सुव्यवस्थित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है, जिनकी विशेषज्ञता पीएलआई योजना के तहत विक्रेताओं के लिए आवश्यक है। एक अधिकारी ने बुधवार यह जानकारी दी। कुछ कंपनियों ने अगस्त में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर एक हितधारक परामर्श बैठक में वीजा का मुद्दा उठाया था। उस समय सरकार ने कहा था कि वह वीजा से संबंधित उन मामलों को सुलझाने की कोशिश कर रही है जहां विक्रेताओं को चीनी पेशेवरों की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। अधिकारी ने कहा, हमने पीएलआई इकाइयों के लिए एक एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाई है। उनके वीजा के लिए, हमारे पास एक प्रणाली है जिसके तहत उनकी वीजा मंजूरी को सुव्यवस्थित किया जाएगा। पीएलआई योजना की घोषणा 2021 में 14 क्षेत्रों जैसे दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायनिक सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ की गई थी।

### दिवाली के मौके पर अहमदाबाद में बिक रही 21000 रुपये प्रति किलो वाली मिठाई

नई दिल्ली। दिवाली के कारण बाजार में अलग-अलग तरह की मिठाइयां उपलब्ध हैं। इनमें स्वर्ण मुद्रा नामक एक मिठाई सुर्खियों में है। इस मिठाई को बनाने में 24 कैरेट सोने की परत किया गया है। यह मिठाई अहमदाबाद के लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र है। स्वर्ण मुद्रा नामक इस मिठाई के एक पीस की कीमत कीमत कथित तौर पर 1,400 रुपये है और इसके किलोग्राम की कीमत 21,000 रुपये है। एक किलोग्राम स्वर्ण मुद्रा मिठाई में लगभग 15 पीस आते हैं। यह मिठाई ब्लूबेरी, बादाम, पिस्ता और क्रैनबेरी ने तैयार की गई है। यह मिठाई अहमदाबाद की एक दुकान ग्वालिया एसबीआर में बेची जा रही है। दुकान की संचालक रवीना तिलवानी के अनुसार, स्वर्ण मुद्रा मिठाइयां विशेष रूप से दिवाली के मौके पर तैयार की गईं हैं और इन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हम मिठाई के लिए ऑर्डर ले रहे हैं और उसी के अनुसार इसे तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वर्ण मुद्रा नाम की मिठाई सभी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। कुछ दिन पहले, लखनऊ ने भी 24 कैरेट सोने से सजी एक अनूठी मिठाई बेचने के लिए भी सुर्खियां बटोरी थीं। एक्जोटिका नाम की मिठाई लखनऊ के छप्पन भोग में बेची जा रही है और इसे वर्ष 2009 से तैयार किया जा रहा है।

### आरबीआई ने बैंकों के आईटी गवर्नेंस से जुड़े नए दिशा-निर्देश जारी किए

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और एनबीएफसी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) गवर्नेंस, जोखिम, नियंत्रण और आश्वासन प्रथाओं से जुड़ा एक नया व्यापक मास्टर निर्देश जारी किया है। आईटी प्रशासन के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में स्ट्रेटेजिक अलाइनमेंट, जोखिम प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, प्रदर्शन प्रबंधन, व्यवसाय निरंतरता और आपदा वसूली प्रबंधन शामिल होंगे। इन निर्देशों को भारतीय रिजर्व बैंक (सूचना प्रौद्योगिकी शासन, जोखिम, नियंत्रण और आश्वासन प्रथाओं) निर्देश, 2023 कहा जाएगा और 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा। नवीनतम निर्देशों में कहा गया है, आरई (विनियमित संस्थाएं) अपने पूरे आईटी वातावरण (डीआर साइटों सहित) के परिचालन लचीलापन को सुनिश्चित करने के लिए और अपनी सूचना प्रणाली व बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के लिए एक मजबूत आईटी सेवा प्रबंधन ढांचा स्थापित करेंगे।

# जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा, अमित शाह ने लांच किया भारत आर्गेनिक ब्रांड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नवगठित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड को लॉन्च करते हुये कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है।

शाह ने एनसीओएल द्वारा आयोजित सहकारी समितियों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने से जुड़ी राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा यह सभी भारतीयों के लिए संतोष की बात है कि हम कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। अधिशेष उत्पादन की यात्रा में कुछ गलतियां भी की गई हैं। हमें कमजोरियों की पहचान करनी होगी। उत्पादन बढ़ाने के लिए, उर्वरक और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने हमारे भविष्य के लिए बुरे परिणाम दिए हैं। इसने भूमि की उर्वरता को कम कर दिया, भूमि और पानी को प्रदूषित कर दिया है।

उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है। जैविक खेती को सफल बनाने के लिए हमें कई कारकों पर काम करना होगा और उन्हें एक साथ लाकर आगे बढ़ना होगा। जैविक खेती को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाने




का लक्ष्य बहुआयामी दृष्टिकोण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अनाज के मामले में भारत अभी आत्मनिर्भर है लेकिन अब समय आ गया है कि जैविक उत्पादों को देश दुनिया तक पहुंचाया जाये।

उन्होंने भारत आर्गेनिक ब्रांड के भारत और विदेशों में सबसे 'भरोसेमंद' ब्रांड के रूप में उभरने की उम्मीद जताते हुये कहा कि एनसीओएल जैविक उत्पादकों के लिए एक मंच है। आज 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड के तहत छह उत्पाद जारी किये जा रहे हैं और दिसंबर तक ऐसे 20 उत्पाद जारी होंगे। उन्होंने कहा कि छह जैविक उत्पाद अरहर दाल, चना दाल, चीनी, राजमा, बासमती चावल और सोना मसूरी चावल होंगे। मदर डेयरी के सफल आउटलेट और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए इनकी बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुदरा दुकानों का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है तथा एनसीओएल शुरुआत में भारत में जैविक उत्पाद बेचेगा और बाद में अन्य देशों में विपणन करेगा।

शाह ने एनसीओएल का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर भी लॉन्च किया। उन्होंने पांच सहकारी समितियों को एनसीओएल सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

एनओसीएन के अध्यक्ष डा मीनेश शाह ने कहा कि भारत आर्गेनिक ब्रांड के तहत प्रमाणित आर्गेनिक उत्पाद भी बिकेगें और इसके लिए जिला स्तर पर व्यवस्था की गयी है। बाजार में उपलब्ध आर्गेनिक उत्पादों की अभी कीमतें सामान्य उत्पादों की तुलना में बहुत अधिक है लेकिन भारत आर्गेनिक के उत्पादों की कीमतें बहुत ही प्रतिस्पर्धी होगी। अभी सभी छह उत्पाद सफल बूथ पर उपलब्ध है और अमूल भी आर्गेनिक उत्पादों की बिक्री कर रहा है। नेफेड के माध्यम से भारत आर्गेनिक के उत्पाद बेचे जायेंगे।

# पॉवेल के वक्तव्य के इंतजार में बाजार सतर्क, सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के नीतिगत दरों को लेकर होने वाले वक्तव्य के इंतजार में निवेशकों की सतर्कता से विश्व बाजार की गिरावट ने स्थानीय स्तर पर पंद्रह समूहों की तेजी के बावजूद आज घरेलू शेयर बाजार की रफ्तार को धीमा कर दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त पर रहे।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.21 अंक बढ़कर 64975.61 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.80 अंक की बढ़त के साथ 19443.50 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,441.89 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत उछलकर 38,337.70 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3828 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2019 में लिवाली जबकि 1683 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.54, सीडी 0.84, ऊर्जा 0.77, एफएमसीजी 0.55, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.93, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 0.80, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.73, धातु 0.53, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.15, रियल्टी 1.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.31, जापान का निक्केई 0.33, हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत गिर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 160 अंक की तेजी लेकर 65,101.95 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 64,851.06 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,124.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 64,942.40 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 64,975.61 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 43 अंक की बढ़त के साथ 19,449.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,401.50 अंक के निचले जबकि 19,464.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,406.70 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 19,443.50 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.96, टाइटन 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.16, एलटी 1.16, आईटीसी 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.68, मारुति 0.63, रिलायंस 0.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.45, सन फार्मा 0.38, टीसीएस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.22, एचडीएफसी बैंक 0.17 और इंडसइंड बैंक शामिल रही।

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 1.44, एनटीपीसी 1.05, इंफोसिस 0.87, टेक महिंद्रा 0.76, टाटा स्टील 0.58, बजाज फाइनेंस 0.53, पावरग्रिड 0.53, एचसीएल टेक 0.49, टाटा मोटर्स 0.45, विप्रो 0.40, कोटक बैंक 0.37, नेस्ले इंडिया 0.22, भारती एयरटेल 0.11, एसबीआई 0.10, अल्ट्रासिमको 0.10 और एक्सिस बैंक के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# दिल्ली थोक बाजार : खाद्य तेलों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 38 रिंगिट चढ़कर 3641 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की बढ़त के साथ 49.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर



रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 13040 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये, सोया रिफाइंड 11062 रुपये, पाम ऑयल 8333 रुपये और वनस्पति तेल 10066 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# जागृति जी20 स्टार्टअप 20 यात्रा पहुंची दिल्ली

नयी दिल्ली। जागृति जी20 स्टार्टअप 20 यात्रा राजधानी दिल्ली पहुंच गई है, जो इसकी परिवर्तनकारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

जागृति यात्रा और जागृति एंटरप्राइज़ सेंटर - पूर्वांचल के संस्थापक शशांक मणि ने आज यहां कहा कि इस यात्रा के क्रम में, दिल्ली में विभिन्न सत्र आयोजित किये जा रहे है। थिंक टैंक का मार्गदर्शन और विशेषज्ञता इस चरण के दौरान यात्रा के पथ को आकार देगी और संचालित करेगी। जागृति सेवा संस्थान, स्टार्टअप 20 और जी20 के सहयोग से आयोजित इस परिवर्तनकारी यात्रा ने उद्यमशीलता परिदृश्य को बदलने वाला है। जी 20 देशों के 70 प्रतिनिधियों सहित करीब 500 प्रतिभागियों के साथ, यात्रा वास्तव में उद्यमियों के वैश्विक संघ को बढ़ावा दे रही है। यह विचारों के आदान-प्रदान, अनुभव साझा करने और सार्थक संबंध बनाने के लिए एक मंच है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली से यात्रा अहमदाबाद की ओर बढ़ेगी और 10 नवंबर को अपने गंतव्य के रूप में मुंबई पहुँचकर संपन्न हो जाएगी। यात्रा का यह चरण अत्यधिक महत्व रखता है क्योंकि दिल्ली, देश की राजधानी होने के नाते, एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करती है, जो प्रमुख हितधारकों और निर्णय निर्माताओं को एक साथ लाती है।

उन्होंने कहा जागृति यात्रा, अपने 16वें संस्करण में, दिल्ली में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुकी है, जो इस असाधारण साहसिक कार्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अहमदाबाद और मुंबई के अंतिम गंतव्यों की ओर अपनी परिवर्तनकारी यात्रा जारी रखते हुए, हमें देश भर के उद्यमों के समावेशी प्रदर्शन और जी20 दिल्ली घोषणा के प्रमुख संदेशों को आगे बढ़ाने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यात्रा के इस बिंदु पर, हम बड़े विचारकों, मंत्रियों, छोटे शहरों और जिलों के लोगों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा में संलग्न हैं, जो हमारे आगे के मार्ग को आकार दे रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जिसने 70 विदेशी प्रतिभागियों के साथ सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा दिया है। दिल्ली से विदा लेते हुए, हम यहाँ की यादों को संजोए हुए भविष्य के प्रयासों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें नियोजित गंगा से अमेज़ॅन प्रयास भी शामिल है।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन, दाल में स्थिरता, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेलों में मांग बताई गई। इससे भाव ऊंचे रहे। तिलहनों में खरीदी सुधार लिए बताई गई। दलहन तथा दाल में मांग बनी रही। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।।

#### किराना बाजार

शक्कर में उठाव से मजबूती दर्ज की गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से बढ़त लिए रहा। साबूदाना में उठाव सुधार लिए बताया गया।

#### तेल-तिलहन

मांग के साथ दिसावरी मांग के चलते खाद्य तेल तेजी लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में उठाव रहा।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों ? में लिवाली बताई गई। इससे चना, मसूर के भाव बने रहे। दाल में स्थिरता दर्ज की गई। चावल में उठाव



साधारण रहा।

#### किराना

शक्कर 4060 से 4080 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 100 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2500 से 4000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7000 से 7500, पैकिंग में 7600 से 7800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6800 से 6900, सोयाबीन 4900 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1520 से 1540, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 915 से 920, साल्वेंट 870 से 875, पाम तेल 885 से 890 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 6150 से 6200, चना विशाल 6000 से 6050, मसूर 6100 से 6175, तुअर निमाड़ी 9500 से 11700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11900 से 12100, तुअर (कर्नाटक) 12100 से 12300, मूंग 8800 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 9500 से 10500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8150 से 8650, तुअर दाल सवा नंबर 15000 से 15100, तुअर दाल फूल 15500 से 15700, तुअर दाल बोल्ड 16600 से 17100, आयातित तुअर दाल 14100 से 14200, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11500 से 11800, उड़द मोगर 11900 से 12300 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

# जियोफोन प्राइमा लॉन्च, कीमत 2599 रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस जियो ने काई-ओएस पर आधारित 4जी कीपैड स्मार्टफोन 'जियोफोन प्राइमा' लॉन्च किया है जिसकी कीमत 2599 रुपये है।

कीपैड स्मार्टफोन का यह उन्नत संस्करण है। यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, गूगल वॉयस असिस्टेंट जैसी तमाम सुविधाएं अब जियोफोन प्राइमा में बस एक क्लिक पर उपलब्ध



होंगी। 2.4 इंच की डिस्प्ले स्क्रीन वाले इस फोन में 1800 एमएएच की बैटरी है।

वीडियो कॉलिंग और फोटोग्राफी के लिए मोबाइल में फ्रंट और रियर दोनों डिजिटल कैमरे दिए गए हैं। मोबाइल के पिछले हिस्से में फ्लैश लाइट भी मिलेगी।

स्मार्टफोन जियो टीवी, जियो सिनेमा, जियो सावन जैसी प्रीमियम डिजिटल सर्विस से लैस है। जियो-पे के जरिए यूपीआई भुगतान भी किया जा सकता है।

जियो प्राइमा 23 भाषाओं का सपोर्ट करता है यानी 23 भाषाओं में काम कर सकता है। चमकदार रंगों में आने वाले इस स्मार्टफोन को प्रमुख रिटेल स्टोर्स के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे रिलायंस डिजिटल.इन, जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और अमेज़ॅन से भी खरीदा जा सकता है।

कंपनी का मानना है कि जियोफोन प्राइमा उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो किफायती दामों पर 4जी से लैस, सोशल प्लेटफॉर्म्स से जुड़ा हुआ एक मोबाइल चाहते हैं।

# पांच दिन तक बंद रहेगी सिरसा मंडी में फसलों की बोली

सिरसा। दिवाली के पर्व को देखते हुए हरियाणा के सिरसा मंडी में पांच दिन तक फसलों की बोली नहीं होगी। सिर्फ लोडिंग का काम किया जाएगा।

यह निर्णय आढ़ती एसोसिएशन सिरसा की एक बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधान मनोहर मेहता ने की।

मेहता ने बताया कि दिवाली पर्व को देखते हुए उन्होंने राइस मिलर्स, धान खरीददार, धान लोडिंग लेबर यूनियन के प्रधान आदि से चर्चा की। चर्चा के बाद सभी की राय से सर्वसम्मति से नौ नवंबर दोपहर 12 बजे से 13 नवंबर तक मंडी में सभी प्रकार की फसलों की खरीद-बिक्री बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आढ़तियों से भी आह्वान किया है कि वे इस अवधि में कोई भी फसल न मंगवाए ताकि किसान भाईयों व आढ़तियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# शार्ट न्यूज

## बशुंधरा किंग्स ने मोहन बागान को 2-1 से हराया




ढाका। बशुंधरा किंग्स ने एएफसी कप मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को 2-1 से हरा दिया है। यह इस टूर्नामेंट में मोहन बागान की पहली हार है। मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में मेरिनर्स ने 17वें मिनट में लिस्टन कोलाको के गोल से शुरुआती हाफ में बढ़त बनाई, लेकिन मेजबान टीम ने पहले हाफ की समाप्ति से ठीक पहले मिगुएल फिगुएरा ने 44वें मिनट में शानदार गोल की बदौलत उसे बराबर कर दिया। उसके बाद रोबिन्हो ने 80वें मिनट में बुशंधरा के लिए विजयी गोल किया। इसी के साथ अंक तालिका में मोहन बागान सुपर जाइंट और बशुंधरा किंग्स दोनों के अब चार मैचों में सात अंक हैं। मेरिनर्स अब 27 नवंबर को अपने अंतिम एएफसी कप 2023-24 ग्रुप डी मैच में विवेकानंद युबा भारती क्रीरंगन में ओडिशा एफसी से भिड़ेंगे, जबकि बशुंधरा किंग्स का सामना मालदीव के माजिया एस एंड आरसी से होगा।

## बीसीसीआई ने टिकट की कालाबाजारी के मामले में एफआईआर मांगी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कोलकाता में वर्ल्ड कप मैच के टिकट की कालाबाजारी के मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की कॉपी मांगी है। 5 नवंबर को हुए भारत-साउथ अफ्रीका मैच के बाद स्थानीय पुलिस ने बीसीसीआई को टिकट की ऑनलाइन कालाबाजारी को ले कर नोटिस भेजा था। पुलिस ने बोर्ड से इस बारे में जानकारी मांगी थी। पुलिस ने बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों से भी पूछताछ की। CAB के मुताबिक कुछ बाहरी एजेंट अवैध तरीके से ऑनलाइन टिकट की बिक्री कर रहे हैं। वर्ल्ड कप टिकट के लिए बोर्ड ने टिकटिंग वेबसाइट बुक माय शो को ऑफिशियल कॉन्ट्रैक्ट दिया है। कोलकाता पुलिस ने कहा कि, बीसीसीआई ने मंगलवार शाम को हमारे नोटिस का जवाब दिया और मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी मांगी। बोर्ड के अधिकारियों ने दावा किया है कि एफआईआर पढ़ने से उनके लिए इस मामले में हमारे द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना आसान हो जाएगा। हमने उन्हें बुधवार सुबह एफआईआर की कॉपी भेजी है।

## ऑस्ट्रेलिया से होगा साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल

ग्लेन मैक्सवेल की ऐतिहासिक डबल सेंचुरी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया। 91 रन पर 7 विकेट गंवाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया ने 292 रन का टारगेट हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत से तय हो गया कि अब उनका सेमीफाइनल मैच साउथ अफ्रीका से ही होगा। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों के 8 मैचों में 6 जीत से 12 पॉइंट्स हैं। दोनों पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 और नंबर-3 पोजिशन पर हैं। इन टीमों के आखिरी मैच का नतीजा कुछ भी रहे इनमें से किसी एक का नंबर-2 पर रहना और एक का नंबर-3 पर रहना तय है। वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। टीम को पहले ही मुकाबले में मेजबान भारत के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अगले ही मुकाबले में टीम को साउथ अफ्रीका ने 134 रन से हरा दिया। 2 लगातार हार के बाद कंगारू टीम ने कमबैक किया और अगले 6 मैच जीत लिए। टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट, पाकिस्तान को 62 रन, नीदरलैंड को 309 रन, न्यूजीलैंड को 5 रन, इंग्लैंड को 33 रन और अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया। लगातार 6 जीत के साथ ही टीम ने 12 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली।

## अफग़ानिस्तान ने अफगानों के निर्वासन पर पाकिस्तान को दी कार्रवाई की चेतावनी

काबुल। अफगानिस्तान के उप विदेश मंत्री मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई ने मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान एक नवंबर के बाद देश में बचे बिना दस्तावेज वाले अफगानों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के कदम के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सीमा अधिकारियों के हवाले से बताया कि रविवार को 6,500 से अधिक अफगान नागरिकों ने तोरखम सीमा चौकी के माध्यम से पाकिस्तान छोड़ दिया। जिससे वापस लौटे अफगानों की कुल संख्या 170,000 से अधिक हो गई। स्टेनकजई ने कहा, हमने बहुत धैर्य रखा और साहस दिखाया, हमने तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान की सरकार और सुरक्षा बलों से हमारा अनुरोध है कि वे अपना रवैया बदलें और हमें उनके कार्यों पर प्रतिक्रिया करने के लिए मजबूर न करें। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 13 लाख अफगानी पाकिस्तान में शरणार्थी के रूप में पंजीकृत हैं और अन्य 880,000 के पास कानूनी निवास परमिट है। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि तालिबान के कब्जे के बाद से लगभग चार लाख अफगान अवैध रूप से पाकिस्तान में घुस आए हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि अक्टूबर की शुरुआत में सरकार आतंकवादियों के साथ उनके संभावित संबंधों के बारे में चिंताओं पर अनिर्दिष्ट प्रवासियों को निर्वासित करने की योजना का मसौदा तैयार कर रही थी।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के पांच लोगों की मौत, मरने वालों में दो बच्चे शामिल



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में रविवार को हुए एक हादसे में भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें दो बच्चे शामिल हैं। भारतीय मीडिया में यह खबर बुधवार को सामने आई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक- घटना तब हुई जब भारतीय मूल के दो परिवार विक्टोरिया के एक आउटडोर पब में डिनर के लिए पहुंचे। इसी दौरान एक एसयूवी कार का बैलेंस बिगड़ा और उसने डिनर कर रहे लोगों को टक्कर मार दी। कार 66 साल का एक शख्स चला रहा था। उससे पुलिस ने पूछताछ की है। हालांकि, उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। घटना में विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), प्रतिभा की बेटी अन्वी (9) और उनके पार्टनर जतिन चुघ (30) शामिल हैं। ये सभी लोग रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के लॉन में डिनर के लिए पहुंचे थे। प्रतिभा और उनका परिवार भाटिया और उनके बेटे के साथ छुट्टियां मनाने यहां आए थे। प्रतिभा की मौके पर ही मौत हो गई। विवेक की पत्नी रुचि और दूसरा बेटा अबीर हॉस्पिटल में एडमिट हैं। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। अबीर की हालत शुरुआत में बेहद गंभीर बताई गई थी। अब वो स्थिर है।

# क्रिकेट जगत ने ग्लेन मैक्सवेल के दोहरे शतक को बताया महान पारी

एजेंसी

मुंबई। क्रिकेट जगत ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल की रिकॉर्ड तोड़ दोहरा शतकीय पारी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास की महान पारी में शुमार करते हुए उनकी प्रशंसा की है।

मैक्सवेल की इस पारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पैट कमिंस कहा कि उन्हें लगा कि यह सबसे महान एकदिवसीय पारी थी।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, हम बस इसके बारे में बात कर रहे हैं, सभी खिलाड़ी और हमने फैसला किया है कि यह उन दिनों में से एक है जहां आप जा सकते हैं, मैं उस दिन स्टेडियम में था जब ग्लेन मैक्सवेल ने अकेले ही उस लक्ष्य का पीछा किया था।

ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने कहा, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

पोंटिंग ने कहा, आज रात कुछ ऐसी चीज़ है जिसके बारे में हम बहुत लंबे समय तक बात करेंगे।

उन्होंने ने कहा, इस तरह की पारी एक टीम के लिए क्या कर सकती है, यह अविश्वसनीय विश्वास पैदा कर सकती है कि आप कहीं से भी जीत सकते हैं।

एडम गिलक्रिस्ट ने कहा, बधाई हो, ग्लेन मैक्सवेल स्पष्ट रूप से अब तक की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पारी। मेरी राय में वह हमेशा देखने लायक दुनिया का सबसे रोमांचक खिलाड़ी रहा है।

सचिन तेंदुलकर भी मैक्सवेल की तारीफ की। उन्होंने अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान की तारीफ करने के बाद मैक्सवेल के लिए कहा, उच्चतम दबाव से लेकर शानदार प्रदर्शन तक। यह मेरे जीवन में देखी गई सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पारी है।

माइकल वॉन ने कहा, अब तक की सबसे महान एकदिवसीय पारी मैक्सवेल आप कह सकते हैं कि भारत में चल रहे विश्वकप में अब तक की सबसे महान पारी।

वसीम अकरम ने कहा, यह निश्चित रूप से मैक्सवेल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पारी है जो मैंने हाल ही में देखी है।

इयान राफेल बिशप ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल ने आज रात हमें इस अद्भुत खेल की आंतरिक सुंदरता, अप्रत्याशितता और प्रेरक नाटक के बारे में याद दिलाया। धन्यवाद।

वीरेंद्र सहवाग ने कहा, इसे आते हुए देखा। एक रन-चेज़ में 200 रन, मैक्सवेल की सर्वकालिक महान एक दिवसीय पारी में से एक। मैक्सवेल एक ऐसा व्यक्ति है जिसके पास पैटकमिंस का शानदार समर्थन था। लंबे समय तक याद रखने वाली पारी।




वेंकटेश प्रसाद ने कहा, संभवत: सबसे महान वनडे पारियों में से एक पारी देखने क ो मिली। ग्लेन मैक्सवेल अविश्वसनीय रहे। रन-चेज में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर, वो भी तब जब कोई भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 24 के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। दोहरा शतक अविश्वसनीय है।

## गिल बल्लेबाजी में और सिराज गेंदबाजी में शीर्ष रैंकिंग में पहुंचे

**दुबई।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये।

भारत के शुभमन गिल ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पछाड़ते हुए 830 अंक के साथ पहली रैंकिंग हासिल की है। विराट कोहली भी अब चौथे नंबर पर और रोहित शर्मा छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं मोहम्मद सिराज को 709 अंक के साथ एकदिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहला स्थान पहुंच गये है।

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज 694 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

आईसीसी की ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में शुभमल गिल के बाद, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम 824 अंक के साथ दूसरे स्थान पर आ गये हैं। तीसरे नंबर पर 771 अंकों के दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक है। जबकि विराट कोहली 770 अंकों के साथ इस वर्ल्ड कप में 500 से ज्यादा रन बनाकर आईसीसी वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए रोहित शर्मा और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ते हुए चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वह डीकॉक से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 743 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा 739 अंक हैं।

श्रेयस अय्यर ने 17 स्थान की छलांग लगाते हुए 18वें स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा पिछले दो मैचों में कमाल की बल्लेबाजी करने वाले पाकिस्तान ओपनर फखर जमां तीन स्थानों की छलांग के साथ 11वें स्थान पर आ गए हैं। साथ ही अफगानिस्तान के सलामी इब्राहिम जादरान ने छह स्थानों की छलांग लगाई और 12वें स्थान पर पहुंच गए।

गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा हैं। चौथे स्थान पर भारत के कुलदीप यादव हैं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग प्रमोटरों के पक्ष में सुनाया फैसला

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने हाल ही में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) से पंजीकृत खिलाड़ियों या कोचों के लिए अन्य संस्थाओं की ओर से ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग (जीपीबीएल) जैसे टूर्नामेंटों को सक्षम करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय ने बीएआई को दिशानिर्देश तैयार करने और छह महीने के भीतर यथासंभव शीघ्रता से प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया।

बीएआई की याचिका को खारिज करते हुए, न्यायमूर्ति आर देवदास ने कहा कि बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के नियम अन्य संस्थाओं द्वारा टूर्नामेंटों पर विचार करने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाते हैं।

बीएआई ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि अन्य संस्थाओं से आवेदन प्राप्त करने या जीपीबीएल जैसे टूर्नामेंटों



को मंजूरी देने का कोई प्रावधान नहीं है।

न्यायमूर्ति आर देवदास ने हालांकि कहा कि बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के नियम अन्य संस्थाओं द्वारा टूर्नामेंटों पर विचार करने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाते हैं।

न्यायमूर्ति देवदास ने कहा कि बीडब्ल्यूएफ द्वारा संचालित और स्वीकृत टूर्नामेंटों में शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों की भागीदारी को सक्षम करने के लिए बीडब्ल्यूएफ नियमों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था।

उन्होंने कहा कि अन्य खिलाड़ियों को बीडब्ल्यूएफ या उसके सदस्य संघों द्वारा मान्यता प्राप्त और आयोजित टूर्नामेंटों के अलावा अन्य टूर्नामेंटों में भाग लेने से नहीं रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा,यही कारण है कि टूर्नामेंट के लिए आवेदन करने और मंजूरी लेने के लिए बीडब्ल्यूएफ के नियमों में प्रावधान किया गया है।

न्यायमूर्ति ने बीएआई को शीर्ष शासी निकाय यानी बीडब्ल्यूएफ के परामर्श से आवेदन स्वीकार करने और टूर्नामेंटों को मंजूरी देने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का भी आदेश दिया।

अदालत एक इकाई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाड़ियों के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, इस मामले में बिटस्पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड भी एक पार्टी है, जो वैश्विक स्तर पर बीडब्ल्यूएफ द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है।

इससे पहले, न्यायालय ने बीएआई द्वारा उसके साथ पंजीकृत बैडमिंटन खिलाड़ियों, कोचों और तकनीकी कर्मचारियों को 'गैर-मान्यता प्राप्त' टूर्नामेंटों में भाग लेने के खिलाफ चेतावनी जारी करने वाले परिपत्रों पर रोक लगा दी थी।

अगस्त में हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया था।

जीपीबीएल के प्रमोटर और एक कोच का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता उदय होल्ला और श्रीनिवासन राघवन के साथ अधिवक्ता लोमेश किरण, ट्विंकल जे चाडवा, रचिता शाह और एल श्रीनिवास थे।

अधिवक्ता उन्नीकृष्णन एम और एम प्रदीप ने केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

# पोलैंड को एयर डिफेंस सिस्टम देगा ब्रिटेन

### 5 अरब डॉलर की डील; कोल्ड वॉर ट्रीटी खत्म होने के अगले ही दिन करार

वारसा/लंदन। ब्रिटेन और पोलैंड के बीच अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील हुई है। करीब 5 अरब डॉलर की इस डील के तहत ब्रिटेन पोलैंड को नेक्स्ट जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम देगा।

पोलैंड की सरकार ने साफ कहा है कि उसे रूस की तरफ से क्रूज मिसाइल दागे जाने का खतरा है। रूसी फाइटर जेट्स भी उस पर हमला कर सकते हैं। लिहाजा, यह डिफेंस डील बेहद जरूरी हो गई थी।

खास बात यह है कि 7 नवंबर को ही नाटो अलायंस और रूस के बीच कोल्ड वॉर ट्रीटी सस्पेंड हुई थी। इसी दिन एक्सपर्ट्स ने कहा था कि इससे यूरोप में हथियारों की दौड़ काफी तेज हो सकती है। उनकी यह बात सच होती नजर आ रही है।

### 40 किलोमीटर है रेंज

ब्रिटिश आर्म ऑफ डिफेंस कंपनी पोलैंड को ग्राउंड बेस्ड नेक्स्ट जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम मुहैया कराएगी। ये सिस्टम किसी भी क्रूज मिसाइल



या फाइटर जेट को 40 किलोमीटर दूरी पर ही मार गिराने में सक्षम है।

ब्रिटेन के डिफेंस मिनिस्टर ग्रांट शेप्स ने कहा- यह करार ऐतिहासिक है। हमारे दुश्मनों को इसके जरिए माकूल जवाब दिया जा सकेगा। पोलैंड को इस एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत थी, क्योंकि उसके आसपास रूस का दखल बढ़ रहा है।

पोलैंड की तरफ से जारी बयान के मुताबिक- रूसी मिसाइल, ड्रोन और स्पाय बैलून्स का खतरा बढ़ता जा रहा था। हमारे हवाई सीमा में पिछले कुछ साल में घुसपैठ की कई कोशिशें हुई हैं। यूक्रेन हमारा पड़ोसी देश है। वहां के हालात का असर यहां भी देखा जा सकता है। लिहाजा, ये डील वक्त की जरूरत है।

### यूक्रेन जंग का असर

फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया। उसके हजारों सैनिक पड़ोसी देश यूक्रेन में घुस गए। यह जंग अब तक जारी है और नाटो मेंबर्स खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। इसकी वजह ये है कि अमेरिका किसी तरह यूक्रेन को नाटो का हिस्सा बनाकर वहां फौज की तैनाती करना चाहता है।

दूसरी बात ये है कि नाटो मेंबर्स पोलैंड, स्लोवाकिया, रोमानिया और हंगरी की सीमाएं यूक्रेन से मिलती हैं।

रूस और नाटो देशों के बीच कोल्ड वॉर ट्रीटी को भले ही सस्पेंशन का नाम दिया गया हो, लेकिन सच्चाई ये है कि ये खत्म हो चुकी है।

रूस का आरोप है कि पश्चिमी देश इस ट्रीटी का उल्लंघन करते रहे हैं। मॉस्को ने मंगलवार को एक बयान में कहा- हमने बातचीत के दरवाजे खुले रखे थे, ताकि यूरोप में हथियार नियंत्रण किया जा सके। हालांकि, विरोधी इसका फायदा नहीं उठा पाए। ट्रीटी से अलग होने का फैसला रूस की नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### एक्सपर्ट क्या कहते हैं

दो महीने पहले अमेरिकी थिंक टैंक 'अटलांटिक काउंसिल' ने एक रिपोर्ट में कहा था- अगर कोल्ड वॉर के दौरान की गई सिक्योरिटी ट्रीट रद्द होती है तो यूरोप में हथियारों की दौड़ तेज होगी। इसका नुकसान इस क्षेत्र के सभी देशों को होगा, क्योंकि उन्हें रूस के खतरे से निपटने के लिए हथियारों और सिक्योरिटी पर जरूरत से बहुत ज्यादा खर्च करना होगा। बुधवार को ब्रिटेन-पोलैंड डिफेंस डील ने उनकी इस बात पर मुहर भी लगा दी।

हालांकि, यूक्रेन को इसका फायदा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके करीबी देशों में अब अमेरिका और नाटो मेंबर्स की तैनाती बढ़ जाएगी और रूस इन देशों में सीधी दखलंदाजी से बचेगा।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस बारे में अलग से अब तक बयान जारी नहीं किया है।

# फिलिस्तीनी टीनएजर ने इजराइली महिला सैनिक को चाकू मारा, मौत

### सेना ने 16 साल के आरोपी लड़के को ढूंढने के लिए रेड की, फिर उसे मार गिराया

इजराइल-हमास जंग के बीच एक 16 साल के फिलिस्तीनी लड़के ने इजराइली महिला सैनिक को चाकू मार दिया। इस हमले में 20 साल की एलीशेवा रोज इडा लुबिन की मौत हो गई। वह मूल रूप से अमेरिका के जॉर्जिया की रहने वाली थीं।

जिस वक्त हमला हुआ, लुबिन दो अन्य सैनिकों के साथ यरुशलम में पेट्रोलिंग कर रही थीं। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक 6 नवंबर को हुए हमले में महिला सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक अन्य सैनिक को भी चोट आई। तीसरे सैनिक ने आरोपी लड़के




को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग गया। दोनों घायल सैनिकों को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला सैनिक को मृत घोषित कर दिया गया।

हमले के बाद इजराइली डिफेंस फोर्स ने यरुशलम के एक रिफ्यूजी कैंप पर छापा मारा। इस दौरान वहां रह रहे फिलिस्तीनियों और सैनिकों के बीच झड़प हुई। सेना यहां आरोपी टीनएजर को पकड़ने और उसका घर तबाह करने आई थी। इस दौरान आरोपी ने भी सैनिकों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सेना ने आरोपी लड़के को मार गिराया। जिसके बाद यहां हिंसा तेज हो गई।

पुलिस ने यहां से 28 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से 11 फिलिस्तीनी हमास से जुड़े थे। इस दौरान सेना ने हथियारों से भरा वेयरहाउस तबाह कर दिया।

## चीन ने बर्फीले तूफ़ान के लिए 'ब्लू अलर्ट' किया जारी

बीजिंग। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को बर्फीले तूफान के लिए 'ब्लू अलर्ट' जारी किया। देश के उत्तरपूर्वी प्रांतों के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान आने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि बुधवार सुबह आठ बजे से गुरुवार सुबह आठ बजे तक लियाओनिंग, जिलिन और हेइलोंगजियांग के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान आयेंगे। केंद्र के अनुसार इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी बर्फ़ीला तूफ़ान आ सकता है, जिससे कुछ स्थानों पर 10 सेंटीमीटर से अधिक गहराई तक बर्फ गिर सकती है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों को बर्फीले तूफान और पाले से होने वाले नुकसान के लिए तैयारी करने की सलाह दी गयी है।

## बंगलादेश में श्रमिकों के वेतन वृद्धि प्रदर्शन में महिला श्रमिक की मौत

ढाका। बंगलादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके गाज़ीपुर के कोनाबारी इलाके में बुधवार सुबह वेतन वृद्धि के लिए प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों और पुलिस के बीच झड़प में एक महिला श्रमिक की मौत हो गई। यह घटना कपड़ा श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा नियुक्त वेतन बोर्ड द्वारा न्यूनतम वेतन मौजूदा 8,000 टका से 12,500 टका निर्धारित करने के एक दिन बाद हुई। न्यूनतम मासिक वेतन के रूप में 23,000 टका की मांग करते हुए, बंगलादेश में कपड़ा श्रमिकों ने लगातार 10 दिनों से अधिक समय तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। श्रमिक के विरोध प्रदर्शन के कारण, किसी भी अप्रिय घटना को विफल करने के लिए अर्धसैनिक बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) के सैनिकों को ढाका और उसके आसपास प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में तैनात किया गया है। बीजीबी मुख्यालय के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि अशुलिया, सावर, मीरपुर आदि सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में सैनिकों (48 प्लाटून) को तैनात किया गया है। ढाका और अन्य जगहों पर हजारों कर्मचारी न्यूनतम 23,000 टका मासिक मूल वेतन की मांग को लेकर पिछले महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं। कथित तौर पर ढाका और उसके आसपास सैकड़ों कपड़ा कारखानों ने उच्च मजदूरी की मांग को लेकर चल रहे श्रमिक आंदोलन के कारण परिचालन निलंबित कर दिया है। एक अमेरिकी डॉलर लगभग 110 टका के बराबर होता है।

## जापान में हिंसक झड़प, तीन घायल

टोक्यो। जापान के पश्चिमी शहर टोक्यो मेट्रोपोलिस में बुधवार को हुयी हिंसक झड़प में तीन लोग घायल हो गये। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार यह घटना हिनो शहर में तमा नदी पर फैले हिनो ब्रिज के पास बुधवार को स्थानीय समयानुसार तड़के चार बजे के आसपास हुयी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को फोन करके घटना की जानकारी दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां तीन लोगों को बेहोशी की हालत में पाया। घायलों की उम्र लगभग 20 से 30 वर्ष के बीच है। ये लोग नदी के किनारे और पास के चौराहे पर खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में पाये गये। पुलिस ने कहा कि तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है और वह अभी भी बेहोश है। अधिकारियों ने कहा कि हमले के मामले में शामिल दो व्यक्ति घटनास्थल से भाग गए थे। वहीं पुलिस विभाग का कहना है कि यह झड़प एक ही संगठित अपराध समूह से जुड़े सदस्यों के बीच हुयी थी। घटना के लगभग 30 मिनट बाद, संगठित अपराध से जुड़े 30 साल के एक व्यक्ति को तचीकावा शहर में, घटनास्थल से लगभग 1.3 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक स्टोर में उसके पेट से खून बहता हुआ पाया गया। पुलिस दोनों घटनाओं के बीच किसी संभावित संबंध की भी जांच कर रही है।

## 'गाजा में संरा के 89 कर्मचारी मारे गये'

जिनेवा। हमास-इजरायल के बीच जारी संघर्ष में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) 89 सहायता कर्मी मारे गए हैं, जो इतिहास में किसी संघर्ष में मारे गए संरा कर्मचारियों की सबसे अधिक संख्या है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संरा एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूएनआरडब्ल्यूए ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष को लेकर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि सात अक्टूबर से गाजा पट्टी में लगभग 10.50 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, लगभग 7,25,000 लोग गाजा के सभी पांच गवर्नरेट में 149 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं। संरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा के उत्तर में स्थित यूएनआरडब्ल्यूए का एक विद्यालय हमलों की चपेट में आ गया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय में शरण लिए हुए आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय के अनुसार, गाजा में संरा सुविधाओं में भीड़भाड़ अब बड़ी चिंता बनी हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अवैध शराब पर योगी सरकार का प्रहार

## सोनभद्र और सहारनपुर में लाखों की अवैध विदेशी शराब जब्त

लखनऊ। दीपावली के पर्व पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सीएम योगी द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के फलस्वरूप सरकार को बड़ी सफलता मिली है। इसके तहत जनपद सोनभद्र और सहारनपुर में लाखों रुपए की अवैध विदेशी शराब पकड़ी गई है। इसकी अनुमानित कीमत 65 लाख रुपए बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने 5 नवंबर को प्रदेश में दीपावली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आदेश जारी किया था।

### 3 दिन में 24 हजार ली. अवैध शराब बरामद

आबकारी आयुक्त सैथिल पांडियन सी ने बताया कि बुधवार को जनपद सोनभद्र में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक डीसीएम ट्रक से सूती कतरनों की बोरियों की छल्ली की ओट में छिपाकर रखी गई मैकडावल नं. 1 ब्राण्ड की 300 पेटी अवैध विदेशी मदिरा (पंजाब राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य) बरामद करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपए अनुमानित है। गिरफ्तार ट्रक चालक के विरुद्ध थाना रार्बट्सगंज, जिला सोनभद्र में आबकारी एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद सहारनपुर में आबकारी एवं पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा सहारनपुर-दिल्ली रोड पर रोड चेकिंग के दौरान एक ट्रक से इम्पीरियल ब्लू ब्राण्ड की विदेशी मदिरा (चण्डीगढ़ राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य) की 357 पेटी बरामद की गई व मौके से एक अभियुक्त को गिरफ़्तार किया गया तथा 4 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध थाना सदर बाजार में आबकारी एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। बरामद शराब का मूल्य लगभग 35 लाख रुपए अनुमानित है। आबकारी आयुक्त द्वारा बताया गया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत अब तक तीन दिवसों में 1,088 मुकदमे पंजीकृत करते हुए 23,927 लीटर अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गई है। इस कार्यवाही में अवैध शराब में लिप्त 373 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमें चला रहीं अभियान

प्रदेश में विशेष प्रवर्तन अभियान के लिए आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया जा चुका है। प्रवर्तन कार्य में जीएसटी, परिवहन विभाग व आरपीएफ से समन्वय स्थापित कर उनका भी सहयोग लिया जा रहा है। पंजाब एवं हरियाणा राज्य से आने वाली ट्रेनों की आकस्मिक चेकिंग के साथ-साथ उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। समस्त जिला आबकारी अधिकारियों को ग्राम प्रधानों/चौकीदारों के मोबाइल नम्बर पर अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की जानकारी प्राप्त किए जाने के उद्देश्य से अनुरोध मैसेज प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहारों के दृष्टिगत अपमिश्रित मंदिरा की बिक्री की संभावना की रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर चिन्हित लोगों के कार्य कलापों पर निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। सीमावर्ती जनपदों में अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी की दृष्टि से चिन्हित संवेदनशील मार्गो पर अस्थाई चेक पोस्ट एवं चेक प्वाइंटस स्थापित कर लगातार चेकिंग कार्य किया जा रहा है।

# सीबीआई ने रिश्वत मामले में एमसीडी इंस्पेक्टर को पकड़ा

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को दिल्ली के रोहिणी में तैनात दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि एमसीडी इंस्पेक्टर के खिलाफ रिश्वत मांगने के आरोप में एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। बयान में कहा गया है कि आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से रोहिणी क्षेत्र में बार/रेस्तरां स्थापित करने के लिए लाइसेंस जारी करने और उसके बार/रेस्तरां का चालान न जारी करने या उसे सील न करने और लाइसेंस के नवीनीकरण में बाधा न डालने के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# अयोध्या में योगी सरकार : सीएम के साथ श्रीरामलला का आशीर्वाद लेगी पूरी कैबिनेट

## अयोध्या में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक आज



अयोध्या। मिशन 2024 को साधने के लिए मोदी-योगी सरकार धार्मिक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व विकास के मुद्दों पर काम कर रही है। 11 नवंबर को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव से पहले योगी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या में बैठेगी। सीएम योगी अयोध्या में लगभग 4 घंटे के लिए कैबिनेट की बैठक में शामिल होने आ रहे हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री सहित उनकी कैबिनेट के मंत्रीगण अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों का भी जायजा लेंगे।

मुख्यमंत्री लगभग 11 बजे रामकथा पार्क पहुंचेंगे। इसके बाद मंत्रिमण्डल के सहयोगियों के साथ हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन करेंगे। वहीं से श्री राम जन्मभूमि परिसर का पूजन एवं श्री राम लला विराजमान मंदिर में पूजा आदि करेंगे। मुख्यमंत्री योगी लगभग 12 बजे अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में मंत्रिमंडल परिषद की बैठक करेंगे।

उत्तर प्रदेश के इतिहास में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं जो प्रदेश की राजधानी के बाहर कैबिनेट की बैठक करते रहे हैं। वर्ष 2019 में कुम्भ मेला के दौरान प्रयागराज में भी मंत्रिपरिषद की बैठक की गयी थी। तब मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों ने संगम में पुण्य स्नान भी किया था। इसके अलावा काशी में भी कैबिनेट की बैठक संपन्न हो चुकी है। इसी कड़ी में अब भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक होगी।

कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के संयोजन में सभी प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव भी उपस्थित रहेंगे।

इसके साथ ही प्रदेश के पुलिस महानिदेशक तथा सूचना निदेशक भी अयोध्या में मौजूद रहेंगे। कैबिनेट बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों की जानकारी बैठक की समाप्ति के बाद रामकथा पार्क में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पंचायतों के चयन के सम्बन्ध समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के चयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरूस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में पुरस्कार हेतु 92 ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये। जनपद स्तरीय गठित परफारमेन्स असेसमेन्ट समिति के द्वारा विकासखण्ड मरौरी की ग्राम पंचायतों में पिपरिया भजा, न्यूरिया हुसैनपुर उ0मु0, जारकल्लिया, अटकोना, विकासखण्ड बरखेडा की ग्राम पंचायतों में गुलरा मचवाखेडा, रम्पुरा नत्थू, व मुसेपुर जयसिंह, विकासखण्ड बिलसण्डा की ग्राम पंचायतों में नगरा रता व मुडगवॉ एवं विकासखण्ड पूरनपुर की ग्राम पंचायत खीरी नौवरामद का चयन किया गया है। नामित अधिकारियों द्वारा गरीबी मुक्त गॉव, स्वस्थ गॉव, बाल मैत्री गॉव, पर्याप्त जल युक्त गॉव, स्वच्छ एवं हरित गॉव, आत्म निर्भर बुनियादी ढॉचे वाला गॉव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गॉव, सुशासन वाला गॉव एवं महिला हितैषी गॉव थीम के आधार पर अंक प्रदान किये गये है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों का चयन किया गया उन ग्राम पंचायतों में थीमों के अनुसार कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लें कि ग्रामों में थीमों के आधार पर अंक प्रदान किये गये हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्ल्स स्कूल में सरस्वती प्रतिमा की स्थापना

## सेवानिवृत्त शिक्षक की धर्मपत्नी ने किया मूर्ति का अनावरण





कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत

नाँगल चौधरी। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बालिकाओं की प्रात:कालीन प्रार्थना हेतु विद्यादायिनी माँ भगवती देवी सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा सहित प्रतिमा की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम अक्टूबर माह के अंतिम मंगलवार को सेवानिवृत्ति शिक्षक समारोह में प्राध्यापक मुखत्यार सिंह यादव की धर्मपत्नी सरिता देवी के कर कमलों द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया। विद्यालय प्राचार्य महावीर सिंह चंदेला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टॉफ़ समेत राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार एवं अन्य विद्यालय के शिक्षकगण और नगरपालिका के उप-चेयरमैन मुकेश शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश सैनी शामिल हुए।

इस समारोह में मुख्य बिंदु सेवानिवृत्त इतिहास प्रवक्ता मुखत्यार सिंह यादव रहे। विद्यालय प्राचार्य समेत स्टॉफ़ ने श्री यादव के 32 साल कार्यकाल को याद किया और उनके द्वारा विद्यालय में दिए गए योगदान और बालिकाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशंसा की। साथ ही समारोह की घड़ी में मुखत्यार सिंह यादव को विद्यालय प्राचार्य एवं अन्य मेहमानों द्वारा साफा पगड़ी, फूल - माला सहित शॉल ओढ़ाकर राजकीय सम्मान सहित विदाई दी।

विद्यालय के इस कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा लोक गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय स्टॉफ़ सहित सभी मेहमानों के लिए दोपहर प्रीतिभोज का प्रबंध किया गया। इस समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त इतिहास प्रवक्ता मुखत्यार सिंह यादव परिवार समेत विद्यालय स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## शार्ट न्यूज

### मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा ईवेन्ट) का हुआ आयोजन



ललितपुर। मिशन शक्ति अन्तर्गत योजनान्तर्गत मुख्य सचिव उ.प्र. शासन लखनऊ, गृह (पुलिस) अनुभाग-15 के पत्रांक 11 अक्टूबर 2023 एवं निदेशालय, महिला कल्याण विभाग के पत्र 13 अक्टूबर 2023 जिसके क्रम में मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा ईवेन्ट) पारस्परिक सवांद कार्यक्रम का आयोजन जनपद- ललितपुर में महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन्, दहेज हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों तथा सहायता हेतु जिला कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें ऐसी महिलायें जो घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं एवं ऐसी बालिकायें जिन्हें षिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई समस्या है। उन सभी ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी बाते/समस्यायें रखी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उक्त समस्त महिलाओं, बालिकाओं द्वारा प्राप्त समस्याओं का त्वरित समाधान के साथ ही निराकरण हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देषित किया गया तथा उक्त समस्याओं का निस्तारण कर जिलाधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

### नियमों का उल्लंघन करने पर 287 वाहनों का चालन



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात माह-नवम्बर 2023 के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ 287 वाहनों का ई-चालान कर तथा 2,63,500/- रूपये का ऑनलाइन जुर्माना किया गया तथा 04 वाहनों को सीज किया गया। दिनांक 08-11-2023 को यातायात माह नवम्बर-2023 के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन में प्रभारी यातायात मय टीम के साथ हेल्मेट, सीट-बेल्ट के बारे में शहर क्षेत्र के प्रमुख चैराहों, स्थानों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आम-जनमानस को यातायात स्लोगन से छपे पम्पलेट, स्टीकर वितरित कर जागरूक किया गया तथा शहर क्षेत्र में घण्टाघर, इलाईट चैराहा, पिसनारी तिराहा व प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ जुर्माना किया गया ।

### सीओ ने महरौनी व सौजना थाने का किया निरीक्षण पैदल गस्त कर आम जनता को कराया सुरक्षा का एहसास




ललितपुर ।महरौनी,क्षेत्राधिकारी महरौनी इमरान अहमद द्वारा थाना महरौनी व थाना सौजना का औचक निरीक्षण किया। सीओ इमरान अहमद द्वारा थाना महरौनी व थाना सौजना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय,सीसीटीवी कैमरे , महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण परिसर एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देंशित किया गया ।थाने पर लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का निरीक्षण किया गया व पुलिस बल की समस्याओं को सुना गया ।तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना सौजना क्षेत्र में पैदल गस्त की गयी और आम जनमानस से बात चीत कर आगामी त्यौहारो को सकुशल मनाने हेतु अपील की गयी ।निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली , थानाध्यक्ष सौजना व सभी अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

# निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं नवीन गौ आश्रय स्थलों के निर्माण के सम्बन्ध में समीक्ष बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत । जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंश के शत प्रतिशत संरक्षण एवं नवीन गौ आश्रय स्थलों के निर्माण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 01.11.2023 से 31.12.2023 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में 06 विभागों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है तथा निराश्रित गोवंश को आश्रय स्थलों/केन्द्रों में संरक्षित किया जा रहा है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अतिरिक्त शेड निर्माण/विस्तारीकण गौ आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त विकासखण्डों में 32 गौ आश्रय स्थलों में से 10 का कार्य पूर्ण किया जा अवशेष निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थलों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थलों के कार्य में तेजी लाई जाये जिससे निराश्रित गौवंशों को आश्रय स्थलों में भेजा जा सके। इसके साथ जिलाधिकारी ने 01 नवम्बर से अबतक कितने गौवंशों को गौशलाओं में भेजने की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक 42 गौवंशों को गौशालाओं में भेजा जा चुका है। बैठक के दौरान गौ आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में बीलसपुर/ललौरीखेडा के अतिरिक्त शेड निर्माण/विस्तारीकरण के कार्यों में प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तेजी से कार्य कराने व माह के अन्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये विकासखण्ड वार लक्ष्य निर्धारित कर निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में भिजवाया जाये। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन जिन लाभार्थियों को गौवंश लिए गये है उनकी जांच की जाये कि उनके द्वारा गौवंशों को पाला जा रहा है अथवा नही। जांच के दौरान सही पाए जाने वाले ही लाभार्थियों सहभागिता का योजना का लाभ दिया जाये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली सरकार कराएगी कृत्रिम बारिश, आईआईटी कानपुर से मांगा प्रस्ताव

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 20-21 नवंबर के आसपास दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है और इसके लिए आईआईटी कानपुर से विस्तृत योजना बनाने के लिए कहा है।

गोपाल राय ने आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों के साथ बैठक के बाद बुधवार को कहा कि अभी वायु प्रदूषण का स्तर लगातार ठहराव में है। तापमान लगातार गिर रहा है और हवा की गति बहुत कम है। इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार सभी संभावनाओं पर विचार कर रही है। इसी सिलसिले में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा कराने को लेकर आईआई कानपुर के विशेषज्ञों के साथ बुधवार को अहम बैठक हुई। हमने उनसे दिल्ली में खासतौर पर सर्दियों के मौसम में बारिश कराने को लेकर एक प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में आईआईटी कानपुर गुरुवार को एक विस्तृत प्रस्ताव दिल्ली सरकार को भेजेगी। आईआईटी कानपुर का अनुमान है कि दिल्ली में 20-21 नवंबर के आसपास बादल होने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने आईआईटी कानपुर को प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है। गुरुवार को अगर आईआईटी कानपुर का प्रस्ताव आ जाता है तो इसे हम अगली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के सामने भी रखेंगे और इस पर विचार करने का अनुरोध करेंगे।

# तेज रफ्तार का कहर, दो की मौत एक घायल



सीतापुर। जिले के रामकोट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाईवे पर बीती देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जिसमें में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकोट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पडने वाले सीतापुर-शाहजहांपुर नेशनल हाईवे पर कटीली चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत नेरी कलां चौराहे पर बीती रात लगभग 1:00 बजे के करीब शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक- टैंकर की डालमियां चीनी मिल जवाहरपुर को गन्ना लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर मथना गांव निवासी छत्तिस वर्षीय सुनील कुमार मौर्य पुत्र जगमोहन मौर्य ट्रैक्टर चालक/मालिक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं ट्रैक्टर पर सवार मृतक का पचपन वर्षीय बहनोई रामनरेश पुत्र पूरन निवासी गद्दीपुर थाना कोतवाली देहात व टैंकर चालक तीस वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी जोगीपुर बांगरमऊ उन्नाव भी गंभीर रूप से घायल हो गये। रात में जानकारी पाकर मौके पर पहुंची रामकोट पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा। जहां पचपन वर्षीय रामनरेश पुत्र पूरन निवासी गद्दी पुर की हालत नाजुक बनी रहने के चलते उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मिली सूचना के अनुसार ट्रामा सेंटर लखनऊ को रेफर किए गए पचपन वर्षीय रामनरेश पुत्र पूरन की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं रामकोट पुलिस ने मृतक ट्रैक्टर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# नागरी लिपि परिषद के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा

नयी दिल्ली। नागरी लिपि परिषद के वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा बुधवार को कर दी गयी जिसमें नागरी लिपि में लिखी जाने वाली विभिन्न भाषाओं के 11 साहित्यकारों और संस्थानों का चयन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति डा प्रेमचंद पातंजलि और महामंत्री डा हरि सिंह पाल ने यहां बताया कि आज नागरी लिपि परिषद के वर्ष 2023 के नागरी लिपि पुरस्कारों के लिए चयन समिति की बैठक डॉ पातंजलि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नागरी लिपि के प्रचार-प्रसार में लगे व्यक्तियों और संस्थानों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सूची को अंतिम रूप दिया गया। डा. पाल ने बताया कि ये पुरस्कार 46 वें अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन, तिरुवनंतपुरम, में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विनोबा नागरी सम्मान (व्यक्तिगत)- डॉ वी पी मुहम्मद कुंजमेत्तर ( आलुप्पषा, केरल) , विनोबा नागरी सम्मान (संस्थागत)- केरल हिंदी प्रचार सभा, और दयानंद त्यागी स्मृति नागरी सम्मान - डॉ जयंती लाल बारीस ( वापी, गुजरात) को अर्पण किया जायेगा।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ में शातिर बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार, दूसरा फरार



**ललितपुर** । तालबेहट, आगामी त्यौहारों के मद्देनजर अपराधियों का सत्यापन व धर-पकड़ अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद की पुलिस निकटवर्ती राज्य मध्य प्रदेश में संचालित विधानसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर टू बॉर्डर एरिया को सघनता से जांचा जा रहा है। बीती देर रात तालबेहट पुलिस जब वाहनों की जांच करते हुये संदिग्धों की तलाश में थी, तभी मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान पुलिस की गोली पैर में लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। घायल को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक भी जिला अस्पताल जा पहुंचे और पूरे प्रकरण की जानकारी ली। तालबेहट पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि आठ नवम्बर की रात त्यौहारों के मद्देनजर अपराधियों के सत्यापन व जगह-जगह चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी पूराकलां मोड पर बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर बैठे हुये दो संदिग्ध लोगों को रोकने का इशारा दिया गया, लेकिन दोनों संदिग्ध भागने लगे। तालबेहट पुलिस के अनुसार एक बदमाश ने पुलिस चैकिंग टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिस टीम बची और जबावी कार्यवाही में पुलिस ने फायर किया, जिससे एक संदिग्ध को पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दूसरा संदिग्ध भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने बदमाश के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस के अलावा एक मोटर साइकिल बरामद हुयी है। पुलिस महकमे के सोशल मीडिया सेल से सोशल मीडिया के व्हाट्सएप पर जारी प्रेस नोट के अनुसार घायल बदमाश का नाम तालबेहट के ग्राम बन्देसरा निवासी संतोष यादव पुत्र प्रकाश यादव है। संतोष एक अंतर्राज्जीय अपराधी है, जिस पर लूट, चोरी व डकैती जैसे करीब एक दर्जन मुकद्दमें पंजीकृत हैं। बताया कि संतोष यादव एक हिस्ट्रीशीटर भी है, जो कि हाल ही में डकैती के मामले में एक साल से अधिक समय तक जेल में रहा था और कुछ समय पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया और फिर से अपने साथियों के साथ लूट के उद्देश्य से घूम रहा था। लेकिन पूराकलां तिराहा पर पुलिस चैकिंग के दौरान वह पकड़ा गया। गिरफतारी करने वाली टीम शातिर बदमाश से हुयी मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, उप निरीक्षक बाली सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, हे.कां. विनय, कां.पुष्पेन्द्र सिंह, कां.शुभम तिवारी, कां.रिषभ सागर, कां.मनीष, कां.महिपाल सिंह, कां.राघवेन्द्र सिंह, कां. सुनील कुमार, कां.योगेश कुमार आदि शामिल रहे।